हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 16 अप्रैल 2026
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

# अमरनाथ यात्रा के रजिस्ट्रेशन के दौरान बैंक में बवाल, पहले दिन 90 लोगों का पंजीयन

## पीएनबी बैंक में दोपहर के समय हुआ विवाद, पुलिस टीम बुलाने के बाद सुधरे हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

बाबा अमरनाथ की वार्षिक यात्रा के लिए पंजीयन की प्रक्रिया शुरु हो गई है। देशभर में चार बैंकों के जरिए यह प्रक्रिया की जा रही है। जिले से भी बाबा भोलेनाथ के भक्त इस यात्रा में शामिल होने के लिए पंजीयन कराने भीड़ गए है। बुधवार को पंजीयन के पहले ही दिन पंजाब नेशनल बैंक पहुंचे लोगों के बीच जमकर विवाद हो गया।मामला इतना बढ़ गया था कि मौके पर पुलिस तक को बुलाना पड़ा, जिसके बाद जाकर स्थिति सामान्य हो पाई।

मिली जानकारी के अनुसार बाबा अमरनाथ की वार्षिक यात्रा के लिए पंजीकरण बुधवार से शुरू हो गया है। इसके लिए ऑफलाइन आवेदन लेकर करीब सौ की संख्या में लोग पंजाब नेशनल बैंक पहुंचे हुए थे। पहले चरण में रायपुर से आए लोगों का पंजीयन किया गया, जिसके बाद राजनांदगांव के रहवासियों की बारी आई। इसी बीच रायपुर से आए एक व्यक्ति कतार में लगने की बजाए बैंक के एक अफसर के सहारे सीधे पंजीयन के लिए जाने लगा। जिसको लेकर कतार में लगे लोगों ने अपना विरोध दर्ज कराया, जिसके बाद मौके पर माहौल गर्मा गया। बैंक प्रबंधन को स्थिति संभालने के लिए पुलिस को बुलाना पड़ा जब जाकर स्थिति सामान्य हो पाई।

### स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जरूरी

बताया गा कि बाबा अमरनाथ की यात्रा तीन जुलाई से शुरु होगी जो 57 दिन की होगी। यात्रा रक्षाबंधन वाले दिन 28 अगस्त को संपन्न होगी। इस यात्रा के लिए एडवांस पंजीकरण ऑनलाइन व ऑफलाइन शुरु हो गए है। ऑफलाइन पंजीकरण के लिए देश भर में चार बैंकों की 554 शाखाओं में पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। इनमें जम्मू कश्मीर बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक व यस बैंक की शाखाएं शामिल हैं। आठ अप्रैल के बाद से जारी किया गया स्वास्थ्य प्रमाण पत्र ही वैध होगा। इस यात्रा के पंजीयन के लिए ही लोग बुधवार को पंजाब नेशनल बैंक पहुंचे थे, जिस दौरान विवाद देखने को मिला।



### पंजीयन के लिए उम्र की सीमा

पहले की तरह पंजीकरण करवाने वाले यात्री की आयु 13 साल से कम और 70 साल की आयु से अधिक नहीं होनी चाहिए। एडवांस पंजीकरण पहले की तरह आधार आधारित बायोमैट्रिक तरीके से होगा। हर श्रद्धालु को आवश्यक स्वास्थ्य प्रमाणपत्र बनवाना होगा। प्रति यात्री से एक सौ पचास रुपये की पंजीकरण फीस ली जाएगी। पंजीकरण के साथ ही यात्री को पहलगाम या बासटाल के लिए यात्री परमिट दिया जाएगा। आरआइएफडी-कार्ड के बिना यात्रा की अनुमति नहीं होगी।

### तीन दिन का समय सर्वर बना बाधा

पंजीयन कराने पहुंचे लोगों ने बताया कि बाबा अमरनाथ की यात्रा के लिए पंजीयन को लेकर तीन दिन की अवधि तय की गई है। बुधवार से शुरु हुई पंजीयन प्रक्रिया शुक्रवार शाम पांच बजे तक ही चलेगी। पहले दिन पंजीयन के दौरान सर्वर की समस्या देखने को मिली, कई लोगों के अंगूठे के निशान लेने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पहले दिन करीब 90 लोगों का पंजीयन हो पाया है।

## खबर संक्षेप

### चाकू लहराकर लोगों को धमकाया, गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** नंदई चौक इलाके में चाकू लहराकर लोगों को डरा-धमका रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। बसंतपुर पुलिस ने बताया कि नंदई चौक में रहने वाला आरोपी रूपेश उर्फ मोनू गेंड्रे धारदार चाकू लेकर आसपास के लोगों को डरा-धमका रहा था। जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। आरोपी से चाकू जब्त कर उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी रूपेश को न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी मारपीट, आबकारी एक्ट जैसे कई मामले दर्ज हैं।

### आज से जनगणना, दर्ज करा सकेंगे जानकारी

**राजनांदगांव।** आज से जनगणना का पहला चरण शुरु होने जा रहा है। इसमें मकानों की जानकारी जमा की जाएगी, हालांकि प्रगणक आपके घरों में एक मई से पहुंचेंगे। लेकिन यदि आप स्वंय से अपने मकान से संबंधित जानकारी दाखिल करना चाहते है तो अधिकारिक वेबसाइट पर जाकर स्वंय ऑनलाइन दर्ज कर सकते है। इस दौरान आपसे कुल 31 प्रकार के सवाल पूछे जाएंगे, जिसमें मकान कैसा है, एसी-कूलर जैसे प्रश्न शामिल है।

## मॉय एंगल




## भौतिक सत्यापन में सामने आई थी कई प्रकार की शिकायतें

# केंद्रों में 800 मी.टन अधिक धान मिला, प्रबंधकों पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

अलग खबर

धान खरीदी के दौरान उपार्जन केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर हड़कंप मचाने वाला जिला प्रशासन गड़बड़ी मिलने के बाद सहकारिता पंजीयक समिति प्रबंधकों व जिम्मेदारों पर कार्रवाई के मामले में पीछे नजर आ रहा है। करीबन ढाई महीने चली धान खरीदी के दौरान जिला प्रशासन की टीम ने जिले के दस उपार्जन केंद्रों में दबिश देकर भौतिक सत्यापन का कार्य किया था।

इस दौरान अलग-अलग उपार्जन केंद्रों में लगभग आठ सौ मीट्रिक टन अधिक धान भी पाया गया था, लेकिन अब तक इनमें से किसी भी समिति प्रबंधक पर एक्शन नहीं लिया गया है। बताया जा रहा है कि राजनीतिक संरक्षण होने के चलते सहकारिता पंजीयक भी इन प्रबंधकों पर एक्शन लेने से पीछे हट रहा है। जबकि दूसरी ओर इस दौरान ही जिलेभर में किसानों से जमकर धान की जब्ती की गई। अवैध धान खपाने की संभावना बताते हुए जिला प्रशासन ने जिले में 34 हजार क्विंटल से अधिक धान जब्त किया है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जो प्रशासन किसान और कोचियों पर एक्शन ले रहा था, वह अब उपार्जन केंद्रों में अधिक धान मिलने के बाद कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है।



### विधानसभा में उठा मामला

जिले में उपार्जन केंद्रों के भौतिक सत्यापन और उसमें जब्त किए गए धान का मामला विधानसभा में भी उठा है। खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा ने अपने प्रश्न में खाद्य मंत्री से मामले में कार्रवाई को लेकर पूछा था। जिसमें जानकारी दी गई है कि राजनांदगांव जिले के दस उपार्जन केंद्रों में लगभग आठ सौ मीट्रिक टन धान की जब्ती जिला प्रशासन द्वारा किए गए भौतिक सत्यापन के दौरान की गई है।

### 201 प्रकरण भी दर्ज

जहां उपार्जन केंद्रों में भौतिक सत्यापन के जरिये धान की जब्ती की गई। वहीं सरकारी धान खरीदी के दौरान धान की अवैध तस्करी की संभावना को देखते हुए भी कार्रवाई की गई है। जिले में इस दौरान कुल 201 प्रकरण दर्ज किए गए। जिसमें 34029 क्विंटल धान की जब्ती की गई है। इसमें अंतर्राज्यीय प्रकरण की संख्या 29 है। जिसमें 4805 क्विंटल धान जब्त किया गया है।

### इन केंद्रों से इतना धान किया जब्त

मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगांव के रामपुर उपार्जन केंद्र से सर्वाधिक 614 क्विंटल धान भौतिक सत्यापन के दौरान जब्त किया गया था। ऐसे ही छुरिया विखं के जयसिंहटोला समिति से 2.32 क्विंटल, शिकारीमहका से 1.88 क्विंटल, कल्लूबंजारी से 43.64 क्विंटल, डोंगरगांव के तुमड़ीबोड़ समिति से 50.32 क्विंटल, तेंदूनाला समिति से 6 क्विंटल, संबलपुर से 0.32 एवं 7.40 क्विंटल राजनांदगांव विखं के मुरमुंदा सोसायटी से 19.44 क्विंटल एवं घुमका समिति से 51.76 क्विंटल धान की जब्ती भौतिक सत्यापन के दौरान की गई है।

### तीन दिनों में ही बदला आदेश, मकसूदन को बनाया प्राधिकृत अधिकारी

**राजनांदगांव।** जिले के घुमका कृषक सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी नोहेन्द्र सिन्हा को हटाए जाने के बाद 6 अप्रैल को आदेश जारी कर सुश्री अनिता नंदे को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया था। आदेश जारी होने के 72 घंटे के भीतर ही इसमें संशोधन करते हुए अब मकसूदन साहू को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि करीब डेढ़ साल पहले नवंबर 2024 में नोहेन्द्र सिन्हा को घुमका कृषक सेवा सहकारी समिति का प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया था। नोहेन्द्र सिन्हा के विरुद्ध धान के अवैध संग्रहण किए जाने की शिकायत मिली थी। जिसकी जांच में यह आरोप सही पाया गया। जिसके बाद सहकारिता पंजीयक ने नोहेन्द्र सिन्हा को प्राधिकृत अधिकारी के पद से हटा दिया था। उनकी जगह सुश्री अनिता नन्दे सहकारिता विस्तार अधिकारी को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजनीतिक दखल के बाद इस आदेश को तीन दिनों के भीतर ही संशोधित कर दिया गया है। अब उनकी जगह मकसूदन साहू शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित घुमका को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त कर दिया गया है।

# कंपनी के कर्मियों के इशारे पर मोबाइल टावरों से बैटरी चोरी, पांच आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मानपुर



जिले की पुलिस ने मोबाइल टावरों से बैटरी चोरी करने वाले एक सक्रिय गिरोह को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपियों ने मानपुर, खड़गांव, औंधी और कोहका क्षेत्र के जियो टावरों से करीब 11.70 लाख रुपए की बैटरियां पार कर दी थी। साइबर सेल और पुलिस की संयुक्त टीम ने तकनीकी जांच और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों को दबोच लिया है। मामले में मोबाइल कंपनी के दो कर्मचारी भी शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि मानपुर, खड़गांव, औंधी और कोहका थाना क्षेत्रों में लगे मोबाइल टावर से बैटरी चोरी होने की शिकायत मिली थी। जिसके बाद टीम ने पतासाजी शुरू की। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर एक संदिग्ध पिकअप वाहन क्रमांक सी जी - 24 - डब्ल्यू-9361 की पहचान हुई। वाहन चालक माखन तुमरेटी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर चोरी का खुलासा हुआ। पुलिस ने मामले में आरोपी हेमंत कुमार सिन्हा, भूपेंद्र रंगारी, माखन तुमरेटी, वीरेंद्र नेताम और देवराज बघेल को गिरफ्तार किया है। इनमें हेमंत सिन्हा और भूपेंद्र रंगारी खुद ही कंपनी के कर्मचारी हैं।

### आरोपी गिरफ्तार

जिले के चार थानों में पिछले चार दिनों में मोबाइल टावरों से बैटरी चोरी होने की शिकायतें सामने आ रही थी। मामले में गिरोह को गिरफ्तार किया गया है।

\- वाईपी सिंह
एसपी, एमएमसी

### भानुप्रतापपुर में बेची जा रही थी बैटरियां

पुलिस ने बताया कि गिरोह में शामिल जियो कंपनी के कर्मचारी टावरों की सटीक लोकेशन बताते थे। मुख्य आरोपी देवराज बघेल ने इन कर्मचारियों की मदद से बैटरी चोरी कर उन्हें भानुप्रतापपुर के कबाड़ी वीरेंद्र नेताम को बेचा था। आरोपियों के कब्जे से चोरी की 93 नग बैटरी बरामद की है। इसके अलावा चोरी में प्रयुक्त एक डिजायर कार, एक पिकअप वाहन, नगद राशि और 5 मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध — ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन • उच्च रक्तचाप, • ब्लड शुगर, • थायराइड • चलने पर सांस फूलना, • कंधों में जकड़न, • धड़कन का कम या ज्यादा होना • चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक • कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन, • पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

# म्युनिसिपल स्कूल मैदान की बाउंड्रीवाल टूटी, जगह-जगह गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

करीबन तीन साल पहले 32 लाख रुपए की लागत खर्च कर म्युनिसिपल स्कूल मैदान में प्रशासन ने घास लगाने का प्रोजेक्ट किया था। मैदान में सैकड़ों ट्रिप मिट्टी डालने के बाद घास भी लगवाई गई थी। रात में खिलाड़ी वहां खेल पाए, इसके लिए दो फ्लड लाईट भी लगाई गई है। मैदान की सुरक्षा के लिए चारों तरफ बाउंड्रीवाल भी बनवाई गई थी, लेकिन महज तीन साल के भीतर ही देखरेख के अभाव में मैदान उजाड़ होता जा रहा है।



हालत यह है कि मैदान में जहां बाउंड्रीवाल टूट गई है। वहीं मैदान में दर्जनों जगह-जगह गड्ढे भी हो गए हैं। जिसके चलते खिलाड़ियों को खेलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इस मैदान में सेहत बनाए रखने के लिए दर्जनों लोग दौड़ने के लिए आते है, परन्तु मैदान के समतल नहीं होने से उन्हें भी कई तरह की दिक्कतें आ रही है। ऐसा भी नहीं है कि खिलाड़ियों ने इस मामले को लेकर प्रशासन को अवगत नहीं कराया हो, परन्तु जिम्मेदार निगम प्रशासन इस मैदान के देखरेख में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा। यही कारण है कि मैदान की स्थिति खराब होती जा रही है। ऐसे में जरुरी है कि प्रशासन को आगे आकर मैदान की स्थिति बेहतर बनाए रखने जरुरी कदम उठाए जाने चाहिए।

### मैदान में चार पहियों की पार्किंग

32 लाख रुपए खर्च कर बनाए गए इस मैदान में बाउंड्रीवाल टूटने की वजह से अब मैदान के भीतर ही चारपहिया वाहनों की पार्किंग होने लगी है। दोपहिया वाहन से भी लोग मैदान में घूमते नजर आ रहे हैं। जिसकी वजह से भी मैदान की स्थिति खराब हो रही है। ऐसे में मैदान की सुरक्षा के लिए मैदान के चारों तरफ बाउंड्रीवाल कराया जाना जरूरी हो गया है।

## पत्नी को घर छोड़कर निकला था अधेड़, हाईवा की चपेट में आने के बाद मौत

# सड़क हादसे में मौत, गुस्साए लोगों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शहर से लगे सिंघोला में स्टेट हाईवे पर देर रात जोरदार सड़क हादसा देखने को मिला। तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर से साइकिल चालक अधेड़ की मौत हो गई। इस हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने मौके पर ही चक्काजाम कर दिया। करीबन दो घंटे का यह विरोध प्रदर्शन चलता रहा। इस दौरान पुलिस प्रशासन और सत्ता दल के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। हालांकि पुलिस अफसरों के पहुंचने के बाद मामले को शांत कराकर चक्काजाम हटाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक महेंद्र साहू अपनी पत्नी का महतारी वंदना योजना के तहत केवाईसी कराने गया था, जहां से लौटकर पत्नी को घर छोड़कर साइकिल से बाहर निकला था। इसी दौरान राजनांदगांव से देवरी की तरफ जा रहे एक हाईवा की चपेट में वह आ गया है। रात करीबन साढ़े 8 बजे हुई इस घटना के बाद हाईवा संचालक मौके से फरार हो गया था। भीषण हादसे के बाद स्थानीय लोगों में जमकर नाराजगी देखने को मिली। लोगों ने विरोध में चक्काजाम कर दिया और जमकर नारेबाजी भी की। ग्रामीणों के साथ चक्काजाम में कांग्रेसी नेता निखिल द्विवेदी भी शामिल हो गए। करीबन तीन घंटे बाद रात 12 बजे मौके पर प्रशासन और पुलिस अफसर पहुंचे। बताया गया कि ग्रामीणों की मांग के बाद उन्हें समझाने पश्चात चक्काजाम हटवाया गया। ग्रामीण मौके पर लगातार नारेबाजी भी कर रहे थे।



### नायब तहसीलदार के साथ कांग्रेसी नेता का विवाद

बताया गया कि चक्काजाम के दौरान कांग्रेसी नेता निखिल द्विवेदी और नायब तहसीलदार राकेश नागवंशी के बीच राहत राशि को लेकर विवाद हो गया। बताया गया कि नायब तहसीलदार की तरफ से मृतक परिवार को 25 हजार रुपए की राहत राशि देने की बात कही गई, लेकिन निखिल सहित ग्रामीण पांच लाख रुपए की आर्थिक मदद की मांग कर रहे थे। इस दौरान ही निखिल द्विवेदी एवं नायब तहसीलदार के बीच धक्का-मुक्की भी देखने को मिली। इस मामले को लेकर अब नायब तहसीलदार कांग्रेसी नेता निखिल द्विवेदी के खिलाफ एफआईआर कराने की तैयारी में भी है।

### मृतक की बेटी को नौकरी की मांग

बताया गया कि मृतक महेंद्र साहू की एक बेटी भी है, जो आर्चरी में नेशनल प्रतियोगिता में भाग ले चुकी है। ऐसे में मृतक के परिजन एवं ग्रामीणों की मांग थी कि परिवार को पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता के साथ ही मृतक की बेटी को सरकारी नौकरी दी जाए। बताया गया कि करीबन तीन से साढ़े तीन घंटे तक सिंघोला मार्ग पर चक्काजाम चलता रहा। जिसके चलते सैकड़ों वाहनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त

डॉ. जय टॉक
एम.डी.एस.
(ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन)
उपलब्ध सुविधाएं
• चेहरे एवं मुँह के अंदर कैंसर का उपचार • जबड़े के जोइन्ट की सर्जरी • दांतों के इम्पलान्ट् कार्य के स्पेशलिस्ट • दुर्घटना से चेहरे की टूटी हड्डी का निशान रहित सर्जरी • मुँह अथवा जबड़ों में कैंसर एवं गाँठ की सर्जरी • गुटखा तम्बाखू आदि के सेवन से मुँह का कम खुलना
• कटे-फटे कान, होठ और जन्मजात चेहरे एवं मुँह के विकृत अंगों का पुनर्निर्माण जबड़ों का टेढ़ेपन का इलाज • चेहरे या सर में दर्द का इलाज • अकल (विज़्डम) दाढ़ की सर्जरी • चेहरे के समस्त रोग एवं दर्द का उपचार • चेहरे के घावों का उपचार • मुँह का कम खुलने का इलाज • चेहरे व गले में किसी प्रकार के गांठ, • दाग, घाव मसा का निदान • जबड़े के फेक्चर का उपचार
अपॉईंटमेंट - 077443 56654, 94255 29769
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### वंदन कानून से मिलेगी महिलाओं को नई दिशा



**साल्हेवारा।** जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष उमा चौबे ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण एवं राजनीतिक भागीदारी को सुदृढ़ करने की दिशा में केंद्र सरकार का यह कदम सराहनीय है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की मातृशक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस अधिनियम से महिलाओं को विधायिका में उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा और वह राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगी।

### भाटिया बने जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता जितेंद्र सिंह भाटिया को जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण में उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से कांग्रेस कार्यकर्ताओं, समाज और इष्ट मित्रों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। श्री भाटिया वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व धर्मवीर सिंह भाटिया के पुत्र हैं। उनका परिवार लंबे समय से कांग्रेस से जुड़ा रहा है। वह इससे पहले जिला सेवा दल के अध्यक्ष रह चुके हैं। वह खालसा पब्लिक स्कूल में सदस्य के रूप में सेवा देने के साथ विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और जनहित कार्यों से लगातार जुड़े हैं। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, जिला अध्यक्ष विपिन यादव, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### श्री विष्णु महायज्ञ 19 से

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा के तत्वावधान में आगामी 19 से 21 अप्रैल तक उपनयन संस्कार, श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण तमनार में रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सांसद राधेश्याम राठिया, सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, लैलूंगा विधायक, वैष्णव समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंती भाई वैष्णव , रामचंद्र वैष्णव, लखनदास वैष्णव, छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा के अध्यक्ष पूरनदास वैष्णव, मुरलीशरण दास, अशोक दास वैष्णव, जानकी दास वैष्णव, लता रानी वैष्णव शामिल होंगे।

### जुझारा में मनाई गई अंबेडकर जयंती

**छुईखदान।** प्राथमिक शाला जुझारा में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाया गया। डां. अंबेडकर की चित्र पर माल्यार्पण कर संस्था प्रमुख संजीव ध्रुव और मोहित धुर्वे ने उनकी जीवनी से बच्चों को अवगत कराया।उनके जीवन की कुछ प्रेरणा दायक वीडियो का प्रदर्शन किया गया। शाला प्रमुख संजीव ध्रुव ने संविधान की उद्देशिका और अधिकारों का पोस्टर व फोटो की विमोचन किया। कार्यक्रम में मुकेश कुमार साहू, राजबाई विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।



### शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**डोंगरगढ़।** मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने फुटबाल ग्राउंड के पास शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 8 पाव देशी प्लेन मदिरा जब्त किया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## उद्घाटन समारोह में शामिल हुए जनप्रतिनिधि, बताया सरकार का कदम ऐतिहासिक

# किसानों को मिली सोसाइटियों की सौगात







हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

सहकारिता को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नई सेवा सहकारी समितियों का वर्चुअल उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने किया। इस अवसर पर गु.नवागाँव में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी थे। उन्होंने संबोधन में कहा कि नई समितियों के गठन से किसानों को खाद, बीज एवं ऋण सुविधा आसानी से सुलभ होंगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। इस अवसर पर रामकुमार गुप्ता, विवेक मंडावी, रामकिशन महेश्वरी, अरुण जैन, दिलीप साहू, नारायणलाल टंडन, पन्नालाल यादव, आलोक सिंह, प्रशांत बाजपेई, जनक साहू, खेमुचंद साहू, रामेश्वर सेवता, मोहनलाल साहू, प्रकाशसिंह ठाकुर, दीनानाथ साहू, ओमप्रकाश साहू, अशोक यादव, महादास साहू, लक्ष्मणदास साहू, वीरेंद्र साहू, रोमन साहू, ईश्वर साहू, गौतम साहू एवं भोजराम सिन्हा के अलावा सुरेंद्र यादव, विजय साहू, हरीश साहू, श्यामलाल साहू एवं कोमलराम पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

### कृषि को मिलेगा बढ़ावा: वैष्णव

**छुरिया।** सहकारिता आंदोलन को नई दिशा देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने वर्चुअल माध्यम से सोसायटियों का शुभारंभ किया। इसी क्रम में केशाल में भी नवीन सोसायटी का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव थी। इस अवसर पर भाजपा मंडल गैंदाटोला अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष धनंजय साहू, जनपद सदस्य ओमप्रकाश चंद्रवंशी, बालमुकुंद कुंजाम, सरपंच सोनिया चंद्रवंशी, कुमार साय साहू, तिलोचन साहू, पंचराम साहू, महेश चंद्रवंशी, चित्रांगण साहू, मनीष त्रिपाठी, घनश्याम साहू, भगवती साहू, शैलेन्द्री सिन्हा, अजय साहू, गोमती साहू, बिसरू राम चंद्रवंशी, प्यारेलाल मंडावी, नारायण साहू, कमलकांत, डोमेन्दसिंग उपस्थित थे।

कार्यक्रम में श्रीमती वैष्णव ने कहा कि यह सोसायटी किसानों की आर्थिक उन्नति का मजबूत आधार बनेगी। सोसायटी से किसानों को खाद-बीज, ऋण, समर्थन मूल्य पर उपज की बिक्री, भंडारण एवं अन्य सहकारी सेवाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर रामेश्वर, बिहारी राम, महेश चन्द्रवंशी, भूषण साहू, कुंवलराम धनकर, संजय कुमार, भोलाराम साहू, यादवराम साहू, राजेश साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### किसानों को मिलेगी सुविधा: सुरेन्द्र सिंह

घुपसाल में नवीन सेवा सहकारी समिति का शुभारंभ सांसद प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह भाटिया ने किया। अध्यक्षता राजेश्वर ध्रुवे ने की। विशिष्ट अतिथि मीना पुजेरी, कामता प्रसाद साहू, राधेश्याम शर्मा, शेखर भारद्वाज, टीकम साहू, महेश साहू, सावित्रीबाई मंडावी, आशा बाई, दशरथ नेताम, नरेश साहू, छबिलाल साहू थे। ग्राम में सेवा सहकारी समिति शुरू होने से घुपसाल, लाममेटा, कुमर्रा छुरिया, पड़रामटोला के किसानों को सुविधा मिलेगी।

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत मुड़िया मोहारा में नवीन सोसाइटी का वर्चुअल उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने किया। उदघाटन समारोह में पूर्व विधायक रामजी भारती, मनीष सोनी, हीराराम वर्मा, अनिल सिन्हा, तेजलाल वर्मा, दिनेश वर्मा, सतीश वर्मा, लखन देशलहरा, हीराराम वर्मा, भगवती वर्मा, कृष्ण मुरारी, बैंक मैनेजर श्री चन्द्रवंशी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।



### किसानों को मिली सौगात



नवगठित सेवा सहकारी समिति मर्यादित मोहड़ का वर्चुअल शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर ग्राम मोहड़, माथलडबरी, रंगकठेरा एवं कोहका के किसानों में उत्साह देखा गया। उद्घाटन अवसर में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु थी। शुरुवात में छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि नई सहकारी समितियों के गठन से किसानों को अब अपनी आवश्यकताओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर सरपंच भूषण देवांगन, शरद वैष्णव, मधु ओमेश यदु, खेमचंद यदु, रोशन देवांगन, लखन पटेल, कृष्णा साहू, चुन्नी यदु, टुमन साहू, लतलु सहारे, अनूप चनापे, प्रकाश धनकर, कांतिलाल देवांगन, अंकुश देवांगन, पुरानिक यदु, चंद्रभान यदु, समिति प्रबंधक प्रतीकसिंह ठाकुर, तुलसी यादव, अमर धनकर, भीषम, आत्मा यादव, पुरुषोत्तम जांगड़े, नवीन साहू, टेसू साहू, दयाराम साहू, दशरथ देवांगन, रमन साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### सेवा सहकारी समिति का वर्चुअल शुभारंभ



**टाटेकसा।** नवगठित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित सड़क चिरचारी का वर्चुअल शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उत्साह के साथ शामिल हुए। मुख्य अतिथि जिला भाजपा के पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव थे। अध्यक्षता धन्नालाल यादव ने की। विशिष्ट अतिथि जिपं सभापति अनिता मंडावी, अशोक मरकाम, पलनी स्वामी नायडू, राधिका चंद्रवंशी, देवानंद सहारे, गुलचरण कतलाम, इठोबा चौहान, देवादास साहू, केदार यादव, आनंद वेलेकर थे।

# भाजपा पदाधिकारियों ने किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़



भाजपा का गांव चलो- बस्ती चलो अभियान जिला भाजपा महामंत्री डिकेश साहू के नेतृत्व में तुमड़ीबोड मंडल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभियान के तहत गांव-गांव जाकर घर घर संपर्क किया गया। लाभार्थियों से सीधा संवाद कर केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। आमजनों की समस्याओं को सुनकर निराकरण का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर श्री साहू ने कहा कि यह अभियान जनसेवा और जनसंवाद का सशक्त माध्यम है, जिसके माध्यम से पार्टी सीधे जनता के बीच पहुंचकर उनकी अपेक्षाओं और सुझावों को समझ रही है। अभियान अंतर्गत जिला भाजपा महामंत्री डिकेश साहू ने रामपुर, किरगी (ब) एवं मारगांव का दौरा किया।

### योजनाओं से कराया अवगत

**अर्जुनी।** भाजपा के गांव चलो बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत ग्राम रामपुर , किरगी ब में सघन जनसंपर्क करते हुए वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता का गमछा एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जिला भाजपा महामंत्री डिकेश साहू, अर्जुनी भाजपा मंडल अध्यक्ष भुवन साहू, अंजू त्रिपाठी, मनीष साहू, गुलशन हिरवानी, चुनेश्वर साहू, विजय जैन, कुलेश्वर निषाद, मामेश साहू, भानु सोनी, मनीष पटेल, यतीश सिन्हा, कमल साहू, दीपक साहू शामिल हुए।

# थाईलैंड से आई बुद्ध प्रतिमा, स्थापना समारोह 25 को

**डोंगरगांव।** नगर के धार्मिक परिदृश्य में एक नया अध्याय जुड़ने वाला है। बोधीटोला के बौद्ध बिहार में थाईलैंड से आई भगवान बुद्ध की दिव्य प्रतिमा आगामी 25 अप्रैल को स्थापित की जाएगी। यह प्रतिमा 6 फीट ऊंची और अष्टधातु से बनी है। आयोजन समिति से जुड़े नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष बीरेंद्र बोरकर ने बताया कि प्रतिमा स्थापना समारोह से पूर्व एक भव्य धम्म वाहन रैली निकाली जाएगी, जिसमें बुद्ध की प्रतिमा को एक सुसज्जित वाहन में विराजित कर पूरे शहर का भ्रमण कराया जाएगा। बड़े धार्मिक समारोह में भदंत आर्य नागार्जुन सुरई ससाई, भंते नागसेन, भंते धम्मविजय, भदंत धम्म बोधि, जापान के भंते भीमा बोधि, भंते धम्मप्रकाश, भंते महानाग, मुंबई के भंते धर्मशील, भंते नागवंश, भंते बुद्ध प्रिय, भंते अश्वजीत शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में बौद्ध भिक्षुणी संघप्रिय थेरी, संघमित्रा, कल्याणी, पुनिका, सुनीता, धम्मप्रिया, शिलाचारा की मौजूदगी रहेगी। समारोह में भारतीय बौद्ध महासभा के पदाधिकारी और स्थानीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी भाग लेंगे।

### निकलेगी भव्य शोभायात्रा

इस अवसर पर दिन में लोक गायक सुनील बंसोड और रात में लोक गायिका कविता वासनिक भगवान बौद्ध पर आधारित गीत आदि की प्रस्तुति देंगे।जानकारी के अनुसार आगामी 25 अप्रैल को सुबह आने वाले भदंतो की अगवानी वाहन रैली निकालकर की जाएगी। कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे ध्वजारोहण, 10.30 बजे से नगर भ्रमण, 12 बजे सिद्धार्थ बुद्ध बिहार का लोकार्पण, 12.30 बजे प्रतिमा का अनावरण, परित्राण पाठ, 230 बजे धम्म सभा, अतिथि उद्बोधन, शाम 4.30 बजे चीवर दान एवं अतिथि सम्मान होगा। आयोजन को वृहद बनाने बौद्ध समासभा, महिला मंडल, युवा मंडल सहित सामाजिक जनों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। कार्यक्रम में आसपास के सामाजिकजन भी बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

### गगन फाऊंडेशन ने दिया प्रतिमा

जानकारी के अनुसार यह प्रतिमा गगन मालिक फाउंडेशन के गगन मालिक के सहयोग से मिली है। उल्लेखनीय है कि श्री मालिक प्रसिद्ध अभिनेता है जिन्होंने श्रीलंका की सिंहली फिल्म श्री सिद्धार्थ गौतम में बुद्ध की भूमिका निभाया था। इसके अआवा उन्होंने एक सीरियल में राम का किरदार निभाया था। उन्होंने बौद्ध धर्म दीक्षा लेकर 84 हजार छोटी बड़ी प्रतिमा दान देने का लक्ष्य रखा है।

## आयोजनों में शामिल हुए बौद्ध अनुयायी

# संविधानवेत्ता डॉ. अम्बेडकर को किया नमन





हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती का आयोजन किया। कार्यक्रम के आरंभ में डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

इस मौके पर उपासना, पूजा, हिना, तनु ठाकुर, मुरली साहू तथा पूजा धनकर ने डॉ अंबेडकर के जीवन, संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसी कड़ी में वाणिल्य शिक्षिका शुभि जैनने शिक्षा की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा शिक्षा ही वह सर्वोत्तम सीढ़ी जिससे हम ऊंची से ऊंची उड़ान को आसानी से पूरा कर सकते हैं। ज्ञानेश्वर देवांगन ने मानवतावादी दृष्टिकोण को उजागर करते हुए मानव में मानवता स्थापित करने पर जोर दिया। प्राचार्य ने कहा कि डॉ अंबेडकर ने संविधान से सबको न्याय, समता, समानता और बंधुत्व भाव दिया। अंतिम कड़ी में मुख्य अतिथि कन्हैया लाल खोबरागढे ने कहा कि डॉ. अंबेडकर मानवता के सच्चे पुजारी थे।

इस अवसर पर अतिथि व्याख्याता डॉ. संजू सिंह, डॉ. हेमलता विरदी, डॉ. काव्य जैन, कंचन साहू, चांदनी पराते, योगिता ठाकुर, संध्या गावरे, हिमानी साहू, खेलन साहू, चंद्रकांत कुंभकार, मनोज प्रधान आदि मौजूद थे। संचालन एवं आभार प्रदर्शन ओम प्रकाश सहारे ने किया।

**डोंगरगढ़।** भारत रत्न डॉ. भीमराव



अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव विष्णु लोधी सम्मिलित हुए तथा भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने भारतीय संविधान के निर्माण कर देश को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का सशक्त आधार प्रदान किया। उनका संपूर्ण जीवन संघर्ष, शिक्षा और सामाजिक परिवर्तन की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर धीरज मेश्राम, संजीव गोमास्ता, शिशुपाल भारती ने भी संबोधित किया।

बोधिसत्व डॉ अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर पत्रकारों ने तहसील परिसर में स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा में माल्यार्पण किया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे इंस्टिट्यूट में अंबेडकर जयंती मनाया गया। रेलवे स्वास्थ्य विभाग के डॉ अभिषेक खांडेकर ने पुष्पमाला अर्पितकर मोमबत्ती जलाया। कार्यक्रम में रेलवे इंस्टिट्यूट के सचिव एस वेंकट स्वामी, रमेश, गुलाब हरोड़े, एसवी रमना राव, ईश्वर देशमुख, एस योगेश राव आदि उपस्थित थे।



### बाजे गाजे के साथ निकली रैली

**बांधा बाजार।** क्षेत्र के ग्राम थैलीटोला में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंम्बेडकर की जयंती धूमधाम के साथ केक काट कर मनाई गई। गांव में शाम को गाजे बाजे के साथ रैली निकाल कर भ्रमण किया गया। रात्रि में विशेष भंडारे का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में तुकाराम गणवीर, कीरत गणवीर, नागेश्वर गणवीर, रजनीश गणवीर, मयंक गणवीर, प्रत्यक्ष गणवीर, रामसाय गणवीर, मनोज गणवीर, विशाल गणवीर, रेशम गणवीर, सुरेश गणवीर, लक्ष्मीकांत, नीरज, भग्गूलाल मेश्राम, भावेश मेश्राम, विजय नंदागौरी, दिपांशु, अजय, अन्नूबाई, कृष्णकुमार, किशोरी रामटेके, महेन्द्र ठौरे, कांतिबाई गणवीर, उर्वशी गणवीर, विद्या गणवीर, बिरजा, अनिता, सुलोचना, उमा, गायत्री, सरिता नंदागौरी, सुशीला रामटेके, सुकवारोबाई, सोनकुवंर मेश्राम, उषा ठौरे, ईशु गणवीर, पलक, रेणुका, हेमा, पूनम आदि शामिल हुए। इसी प्रकार ग्राम गुण्डरदेही में डॉ. अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य संदीप मेश्राम, सरपंच रवि नेताम, कांति चौधरी, गजेंद्र चौधरी, शांतनु चौधरी, अरुण साहू, शोभाराम, कैलाश सिन्हा, कुलदीप चौधरी, शेखर चौधरी, संतोष चौधरी, फुलकुवर मंडावी सहित अन्य शामिल हुए।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम से बदलेगा राजनीति का स्वरूप

**छुईखदान।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम साबित होने जा रहा है। यह अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर है, जिससे देश की राजनीति में एक नई दिशा और ऊर्जा का संचार होगा। यह बातें भाजपा नेता संदीप कुमार महोबिया ने कही। उन्होंने कहा कि इस कानून के लागू होने से राजनीति में महिलाओं की भागीदारी पहले से कहीं अधिक मजबूत और प्रभावशाली होगी। अब तक महिलाओं को अक्सर केवल वोट बैंक के रूप में देखा जाता था, लेकिन इस अधिनियम के बाद वे नीति-निर्धारण की मुख्यधारा में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराएंगी। उन्होंने बताया कि महिलाओं की सोच, अनुभव और दृष्टिकोण सीधे तौर पर देश की नीतियों में परिलक्षित होंगे, जिससे निर्णय अधिक समावेशी, संतुलित और जनहितकारी बनेंगे। यह बदलाव न केवल राजनीति में बल्कि पूरे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला सिद्ध होगा। इस विधेयक को लागू करने के लिए पूर्व में कई प्रयास किए गए, लेकिन इसे लागू नहीं किया जा सका।

# स्पर्धा में कोमरे स्ट्राइकर बना चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांधाबाजार

रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा। कोमरे स्ट्राइकर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सूरज राइडर को 37 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। मैच के दौरान खिलाड़ियों के साथ दर्शकों में खासा उत्साह देखने मिला।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कोमरे स्ट्राइकर ने निर्धारित 8 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 98 रन बनाए। टीम की ओर से देव यादव ने 28 रन की शानदार पारी खेली। पाल सिंह ने 18 रन, नीलकंठ कोमरे ने 17 रन तथा रोहितेश देवांगन ने 12 रन का योगदान दिया। नामेश्वर साहू ने भी उपयोगी रन जोड़े। सूरज राइडर की ओर से संजय ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सूरज राइडर टीम 8 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 61 रन ही बना सकी। कुलवंत दूधनाग ने 21 रन, हितेश इसदा ने 18 रन और सूरज रावटे ने 6 रन बनाए।




### पाल सिंह ने झटके 3 विकेट

कोमरे स्ट्राइकर की ओर से पाल सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए। वहीं सुरेंद्र घावड़े और नीलकंठ कोमरे ने 1-1 विकेट लेकर टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समापन मौके पर मैन ऑफ द सीरीज नीलकंठ कोमरे, फाइनल मैन ऑफ द मैच देव यादव, बेस्ट विकेटकीपर नामेश्वर साहू, बेस्ट बॉलर देवीलाल साहू, बेस्ट कैच प्रताप राणा, सूरज रावटे, बेस्ट क्षेत्ररक्षण हेमलाल साहू, बेस्ट बैट्समैन के लिए प्रकाश नागेश्वर, रोहितेश देवांगन को सम्मानित किया गया। समापन समारोह में सतीश चंदेले , धर्मेश पटेल, विपिन दामले, पीएल साहू, पवन परवेश, दिलीप कुंभकार, राहुलदेव रामटेके, संदीप घरेन्द्र, बीएल कुर्रे, अश्वनी राठौर, सूरज रावटे, नीलकंठ कोमरे, गुलशन साहू, दिलीप खरे, रामकुमार छैदइया, देव यादव सहित अन्य मौजूद थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नगद राशि की सीमा घटाना गलत

**डोंगरगढ़।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष पंचराम चंदेल ने क्रेडिट कार्ड की राशि में कटौती को किसान विरोधी निर्णय बताया है। पहले किसानों को रासायनिक खाद एवं नगद के रूप में 20 हजार प्रति एकड़ मिलता था, लेकिन इस वर्ष नगद राशि घटाकर 15 हजार प्रति एकड़ से भी कम कर दिया गया है जिससे किसानों को खरीफ सीजन की तैयारी करने में परेशानी हो रही है। श्री चंदेल ने कहा कि किसानों ने पिछला कर्ज धान की फसल बेचकर चुका दिया। किसान अब खाली है। वह बुवाई के लिए बीज-खाद-डीजल की व्यवस्था नहीं कर पा रहे है। किसान को कर्ज देने की बारी आई तो सरकार ने लिमिट घटा दी। यह सरकार श्री चंदेल ने किसान क्रेडिट कार्ड की नगद राशि की सीमा तत्काल 20 हजार प्रति एकड़ करने की मांग की है।

### बैठक आज

**राजनांदगांव।** जिले के औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं पावर प्लांटों में सुरक्षा मानकों के सुदृढ़ पालन तथा जल संरक्षण के प्रभावी उपायों के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक 16 अप्रैल को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सभी औद्योगिक इकाइयों एवं पावर प्लांटों के प्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आवश्यक उपायों, सुरक्षा उपकरणों के उपयोग, आपातकालीन प्रबंधन व्यवस्था तथा सुरक्षा मानकों के पालन की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही जल संरक्षण एवं जल के समुचित उपयोग, वर्षा जल संचयन तथा औद्योगिक गतिविधियों में पानी की बचत के उपायों पर विशेष चर्चा की जाएगी। सभी संबंधित औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों को निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होने कहा गया है।

### अनिल बने सचिव



**छुईखदान।** छत्तीसगढ़ प्राचार्य संगठन की प्रांतीय अधिवेशन गत दिनों फाफाडीह रायपुर के सेजेस विद्यालय में आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पहुंचे प्राचार्यों ने संघ के सशक्तिकरण, मजबूती प्रदान करने संकल्प के साथ कार्यकारिणी का गठन संयोजक अनिल शुक्ला के मार्गदर्शन में किया गया। बैठक में अब तक के लंबित मांगों और सुविधाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। जिला के सीजी के अध्यक्ष पद हेतु कमलेश्वर सिंह प्राचार्य खैरागढ़ एवं जिला सचिव हेतु प्राचार्य अनिल पाल शासकीय कन्या शाला छुईखदान की नियुक्ति की गई है।

### ईशानवी को मिले 96.4 प्रतिशत अंक



**राजनांदगांव।** चंद्रा कॉलोनी स्थित बाबा कोचिंग में दसवीं का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। जिसमें ईशानवी सारडा ने 96.4 प्रतिशत,जानवी लाल 92.4% , तेजस बैद 88.2% ने प्राप्त किया। अन्य बच्चों का प्रदर्शन भी उत्कृष्ट रहा। कोचिंग संचालक ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### जागरूकता रैली आज

**मोहला।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रचार-प्रसार एवं महिला सशक्तिकरण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 16 अप्रैल को जिले में बाइक एवं स्कूटी रैली का आयोजन किया जाएगा।

यह अभियान "सशक्त नारी, सशक्त समाज" की थीम पर आधारित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 16 से 18 अप्रैल 2026 तक प्रस्तावित विशेष संसद सत्र के दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करने की प्रक्रिया के समर्थन में किया जा रहा है। अंबागढ़ चौकी में 16 अप्रैल को शाम 4 बजे बाइक एवं स्कूटी रैली निकाली जाएगी। रैली की शुरुआत बस स्टैंड अंबागढ़ चौकी से होगी, जो राजीव चौक होते हुए पुनः बस स्टैंड तक पहुंचेगी।

### ऐतिहासिक उत्साह के साथ मनी डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर जयंती, 19 भव्य झांकियों ने बढ़ाया गौरव

# जयंती पर निकली झांकियां, शहर में उमड़ी भीड़









हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतरत्न बोधिसत्व डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर जयंती अवसर पर नगर में भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों लोगों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने शहर को उत्सवमय बना दिया।

इस अवसर पर नगर के विभिन्न वार्डों से कुल 19 आकर्षक एवं संदेशपूर्ण झांकियां निकाली गई। यह झांकियां नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सिविल लाइन स्थित डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर सांस्कृतिक भवन पहुंची, जहां मुख्य कार्यक्रम का



आयोजन किया गया। झांकियों में सामाजिक समरसता, शिक्षा, समानता और संविधान के महत्व को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसे देखने नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ी।

मुख्य कार्यक्रम में अतिथियों ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने और समाज में समानता एवं न्याय स्थापित करने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम के अंतर्गत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों का मन मोह लिया। बुद्ध वंदना एवं भीम गीतों की प्रस्तुति ने माहौल को भावविभोर कर दिया। देर रात तक चले इस आयोजन में लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

यह भव्य आयोजन रात्रि 2 बजे तक निरंतर चलता रहा। जिसमें नगरवासी अंत तक जुड़े रहे। संपूर्ण आयोजन ने सामाजिक एकता, जागरूकता और उत्साह का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने बाबा साहेब अम्बेडकर के संघर्षों और उनके बनाए गए संविधान से समता बंधुत्व और न्याय को अंगीकार करने और शिक्षा से सामाजिक क्रांति लाने की बात कही।

विशिष्ट अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने शुभकामनाएं देते कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिध्वनि समाज में शिक्षा के रूप में है। डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर को समझना और उनके मार्ग में चलकर प्रगतिशील समाज बना हुआ है और शिक्षा के क्षेत्र में समाज अग्रणी है। कार्यक्रम में डॉ. दिवाकर रंगारी एवं सुप्रसिद्ध डॉ. प्रकाश खुंटे शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता शंभू कुमार सिंह ने अपने विचार रखते बाबा साहेब के संघर्ष, संविधान निर्माण और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कविता वासनिक ने की। जबकि संयोजक के रूप में समाज प्रमुख दीपांकर खोब्रागढ़े एवं राजू बरमाटे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन बाबा साहेब अम्बेडकर जयंती आयोजन समिति के संयोजक दीपांकर खोबरागड़े द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत पूज्य भंते महेंद्र महाथेरो एवं पूज्य भंते धर्मपाल द्वारा बुद्ध वंदना त्रिशरण पंचशील से हुई। इसके पश्चात सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में पीयूष वासनिक एवं उनके साथियों द्वारा शानदार भीम गीतों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान नगर के विभिन्न वार्डों से निकली 19 भव्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रही, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। झांकियों में बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष एवं सामाजिक संदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में जनसैलाब उमड़ा रहा और देर रात तक उत्साह बना रहा। यह भव्य आयोजन रात्रि 2 बजे तक चलता रहा। जिसमें लोगों ने अंत तक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम ने सामाजिक एकता, जागरूकता और प्रेरणा का संदेश दिया। कार्यक्रम में बौद्ध समाज और नगर के प्रबुद्ध लोगों की उपस्थिति रही।

#### तिलईरवार

शा.उ.मा.विद्यालय तिलईरवार में धूमधाम से डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अंबेडकर की तैलचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य प्रभारी शिक्षक थंगेश्वर कुमार साहू ने बताया कि बाबा साहेब अंबेडकर संविधान के निर्माता रहे, शिल्पकार रहे, समाज सुधारक प्रथम कानून एवं न्याय मंत्री रहे। अर्थशास्त्री ,राजनीतिज्ञ ,लेखक और एक महान समाज सुधारक थे। सन 1990 में उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।आज ही के दिन 14 अप्रैल को प्रतिवर्ष उनका जन्म दिवस अंबेडकर जयंती के रूप में भारत के साथ-साथ विश्वभर में मनाया जाता है। इसी कड़ी में अनुराधा ढोक, पालकराम वर्मा ने संबोधित किया। साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा भी बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती पर कविता व निबंध के रूप में उनके जीवनी को याद किया गया। कार्यक्रम में स्टॉफ सदस्यों, छात्र-छात्राओं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

#### मैत्री उद्यान

सावित्रीबाई फुले महिला संघ मैत्री विहार सुपेला भिलाई द्वारा 14 अप्रैल को डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. राधिका साहू प्रोफेसर शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय राजनांदगांव थी। कार्यक्रम मैत्री उद्यान मैत्री विहार सुपेला भिलाई में रखा गया था।



#### आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

हिंदू जागरण मंच जिला राजनांदगांव द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल पर एकत्रित हुए और माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। उपस्थितजनों ने एक-एक कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज को समानता, न्याय और अधिकारों की दिशा में नई दिशा दी। उनका जीवन संघर्ष, शिक्षा और सामाजिक समरसता का प्रेरणास्रोत है। पदाधिकारियों ने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी प्रासंगिक है और समाज के प्रत्येक वर्ग को उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए। उन्होंने युवाओं से शिक्षा को प्राथमिकता देने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए। जय भीम और भारत माता की जय के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा। अंत में सभी ने बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने तथा समाज में एकता और भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया।

## सहकारी समिति का वर्चुअल शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

वनांचल क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित ठाकुरटोला सहकारी समिति का बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा वर्चुअल रूप से उद्घाटन किया गया। पूर्व में कांग्रेस सरकार के समय से चल रही लंबी संघर्ष के पश्चात बुधवार को भाजपा सरकार ने ठाकुरटोला क्षेत्र के किसानों को नई समिति समर्पित किया।

पहले यह केन्द्र पैलीमेटा सहकारी समिति के अंतर्गत कार्य कर रहा था। अब ठाकुरटोला अलग से सहकारी समिति गठन किया गया है। जिससे दर्जन भर से अधिक गांव के हजारों किसानों को इसका लाभ मिलेगा तथा खाद, नकद, बीमा, बीज आदि पाने में काफी सुविधा मिलेगी। सहकारी समिति का शुभारंभ होने के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। किसानों ने सरकार का आभार जताया है।

कार्यक्रम में नर्मदा मंड़ल अध्यक्ष आनंद पटेल, संतन साहू, युवराज पटेल,अनुज साहू, लाल रोहित पुलस्त्य, राधामोहन वैष्णव, प्रेमलाल साहू, डेरा मसखरे, मुकचंद नायक, रामस्वरूप



यादव, ललिता मानिकपुरी, देवराज कश्यप, प्रकाश जंघेल, बोधन मेंरावी, केशलाल मंडावी, भीखु हिरवानी. गौतरहिया, चन्दु कुमार, कृष्णा एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

जिला सहकारी बैंक खोलने की मांग- पैलीमेटा, ठाकुरटोला, मोहगांव के किसान लम्बे समय से जिला सहकारी बैंक की मांग कर रहें हैं। पर अब तक यह मांग पुरा नही हो सका है। क्षेत्र के हजारों किसानों को नकदी लेन देन करने दस किलोमीटर का घाट सहित तीस किलोमीटर का सफर तय कर साल्हेवारा जाना पड़ता है। जहां से किसानों को अपना लें देन पूर्ण कर आने जाने में दिन भर का समय लग जाता है। अगर पैलीमेटा में जिला सहकारी बैंक स्थापित होता है तो बीस से भी अधिक गांव के किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

## जनदर्शन की पहल से लंबे समय से बंद मार्ग खुला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। जिससे आम नागरिकों को समयबद्ध राहत मिल सके। इसी कड़ी में डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बुद्धुभरदा में निस्तारी मार्ग लंबे समय से बंद होने की शिकायत पर राजस्व विभाग द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते मार्ग को बहाल कर दिया गया है।

ग्राम बुद्धुभरदा में अनावेदक यशवंत साहू एवं कोमल साहू द्वारा निजी भूमि पर सीमेंट के खंभे एवं तार लगाकर किसानों के निस्तारी मार्ग को लंबे समय से बंद कर दिया गया था। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत कर समस्या के निराकरण की मांग की गई थी।



जिला प्रशासन के निर्देश पर राजस्व विभाग द्वारा मामले को गंभीरता से लेते त्वरित कार्रवाई की गई। राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में संबंधितों द्वारा सीमेंट के खंभे एवं तार को मेड़ से हटा दिया गया। जिससे निस्तारी मार्ग पुनः सुचारू रूप से चालू हो गया है। मार्ग बहाल होने पर ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते राहत की भावना जाहिर की है।

## गांव, शहर, बूथ चलो अभियान के अंतर्गत घर-घर पहुंचे मोनू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंत्योदय की योजना और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे इस उद्देश्य को पूरा करने भारतीय जनता पार्टी लगातार संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के माध्यम से जन-जन तक पहुंच रही है। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के "गांव चलो, शहर चलो, बूथ चलो अभियान" के तहत जिला भाजपा व प्रदेश युवा मोर्चा के निर्देशानुसार भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री मोनू बहादुर सिंह बीते दिनों भाजपा उत्तर मंडल के वार्ड नंबर 44 और दक्षिण मंडल के वार्ड नंबर 35 पहुंचे।



कार्यक्रम के दौरान मोनू बहादुर सिंह ने कहा कि भाजपा का एकमात्र लक्ष्य है कि राजनीति से परे हर एक व्यक्ति तक उन योजनाओं का लाभ पहुंचे, जो जनहित के लिए बनाया गया है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उनके जीवन को सरल बनाना ही संगठन का लक्ष्य है और इसके लिए पार्टी का हर व्यक्ति जन-जन तक पहुंच रहे हैं।

इस दौरान वार्ड नं. 35 में दक्षिण मंडल अध्यक्ष गोलू गुप्ता, पार्षद दिलेश्वर साहू, प्रखर श्रीवास्तव, अरूण साहू, दिनेश साहू, देवबती साहू, नितेश नायक, पार्षद सेवक उइके, पार्षद दुरेंद्र साहू, जिला मंत्री युवा मोर्चा उज्जवल कसेर, जीवन चतुर्वेदी, रवि बंजारे, प्रमोद साहू, दशरथ सूर्यवंशी, अमित यादव, सूर्याप्रकाश श्रीवास्तव, पुन्नू चतुर्वेदी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिला हॉकी संघ की वार्षिक आमसभा आयोजित

# खिलाड़ियों ने किया नेशनल टूर्नामेंट में प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला हॉकी संघ राजनांदगांव की वार्षिक आमसभा 14 अप्रैल को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित की गई। बैठक जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिले में हॉकी खेल को बढ़ावा देने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सामूहिक रूप से कार्य करने की सहमति व्यक्त की।

बैठक की शुरूआत में अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने पिछले दो वर्षों की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि जिले की बालक एवं बालिका टीमों से कुल 26 खिलाड़ियों ने हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। वहीं हाल ही में आयोजित अस्मिता लीग वेस्ट जोन हॉकी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम से जिले की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया। रनर टीम आगामी 22 अप्रैल से ग्वालियर में आयोजित इंटर जोनल नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेगी। जिला हॉकी संघ की मेजबानी और मार्गदर्शन में कई महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। जिनमें सब जूनियर एवं जूनियर बालक-बालिका वेस्ट जोन प्रतियोगिता, अस्मिता स्टेट लीग, अस्मिता सिटी लीग, सीनियर मॉर्निंग ग्रुप फ्लड लाइट 7-ए-साइड हॉकी प्रतियोगिता, मानसून हॉकी लीग एवं रुद्राक्षम सोसायटी द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ लीग प्रमुख है। अध्यक्ष ने जानकारी दी कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एवं पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण करने वाले खिलाड़ियों को जिला हॉकी संघ द्वारा हॉकी स्टिक भी प्रदान की जाएगी। साथ ही राष्ट्रीय प्रतियोगता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को उचित मानदेय दिया जाएगा। जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव के सहयोग से हॉकी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ, फ्लड लाइट एवं अन्य सुविधाओं के विकास हेतु 10 करोड़ रुपए की स्वीकृति पर आभार व्यक्त किया।




#### छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का होगा आयोजन

बैठक में आगामी माह छत्तीसगढ़ हॉकी लीग के आयोजन की जानकारी दी गई। जिसमें प्रदेश की 8 फ्रेंचाइजी टीमें भाग लेगी। प्रतियोगिता को हॉकी इंडिया लीग के प्रारूप में आयोजित करने की योजना है। जिसमें खिलाड़ियों का पंजीयन एवं ऑक्शन भी किया जाएगा। बैठक में उन खिलाड़ियों की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया गया, जिन्होंने हॉकी के माध्यम से शासकीय सेवाओं में स्थान प्राप्त किया है। इनमें तरूण यादव (रेलवे), सुखदेव एवं तौफीक अहमद (वन विभाग), दीपेश चौबे (कस्टम पुणे) शामिल हैं। वहीं भूमिक्षा साहू (आरसीएफ कपूरथला) एवं अनीशा साहू (एनईआर गोरखपुर) की उपलब्धियों पर भी गर्व व्यक्त किया गया। ग्रास रूट स्तर पर हॉकी को सशक्त बनाने आगामी ग्रीष्मकालीन सत्र में बसंतपुर, चिखली एवं अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

## पवन बना चकनार का ग्राम पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत चकनार में ग्राम पटेल की नियुक्ति लोकतांत्रिक तरीके से किया गया। बुधवार को यहां ग्राम पटेल के लिए मतदान हुआ। चुनावी प्रक्रिया में पवन पटेल एक तरफा जीत हासिल किया।

ग्राम पटेल के लिए चार प्रत्याशी पवन पटेल, राजा राम, ढाल सिंह एवं महेन्द्र जंघेल मैदान में थे। तेज धूप के बाद भी लोगों ने बढ़-चढ़ कर मतदान में हिस्सा लिया। जानकारी अनुसार कुल 763 लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया। पवन पटेल ने 392, राजा राम जंघेल को 177, ढाल सिंह साहू को 110 तथा महेन्द्र जंघेल को 65 मत मिला। 19 मत रिजेक्ट हुआ। पवन पटेल अधिक मत पाकर ग्राम पटेल बने। परिणाम आने बाद लोगों ने विजयी प्रत्याशी को तिलक लगाकर तथा आतिशबाजी कर जश्न मनाया। पवन पटेल के ग्राम पटेल बनने पर सरपंच वंदना पटेल, लालचंद



पटेल, डोगेन्द्र सोरी, हेमिन जंघेल, पुनिता छेदैहा, सुमित्रा साहू, यशोदा निषाद, सानिया बेगम, अफरोजा बेगम, सुषमा निषाद, जमुना टंडन, खेमिन जंघेल, लता जंघेल, राहुल जंघेल, भैरव साहू, गौतम कुंजाम, रूपसिंह पटेल, युवराज कश्यप, अरविन्द जंघेल, गयाराम जंघेल, बिजल यादव, रमेश जंघेल, विशम्भर पटेल, गोवर्धन सिन्हा, ढाल सिंह, हेमंत पटेल, यशवंत पटेल, पितेश कुमार, दूलेश जंघेल, बसंत जंघेल, गोकुल जंघेल, प्रदीप जंघेल, कालु राम जंघेल, सुभाष जैन, रवि जंघेल, डोमार जंघेल, कुंदन जंघेल, अनिकेत जंघेल, हरिओम, अमृत लाल आदि ने बधाई दी है।

## सार समाचार

### सांई महोत्सव, आज निकलेगी पालकी



**राजनांदगांव।** शहर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। कल 16 अप्रैल को साईं महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। सांई दर्शन नगर स्थित मंदिर में दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों, भंडारे और भजन कार्यक्रमों की श्रृंखला से वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। आरके नगर के पीछे स्थित सांई दर्शन नगर के सांई मंदिर में कल 16 अप्रैल को सांई महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति के अध्यक्ष उमा सिंह राजपूत के अनुसार महोत्सव का शुभारंभ सुबह 5.30 बजे काकड़ आरती के साथ होगा। इसके पश्चात सुबह 7 बजे सांई बाबा की विधिवत अभिषेक पूजा संपन्न होगी। दोपहर 12 बजे मध्यान्ह आरती आयोजित की जाएगी। जिसके बाद 1 से 4 बजे तक सांई प्रसादी (भंडारा) का आयोजन रहेगा। सांई समिति के सदस्य ऋषि सिन्हा ने बताया कि महोत्सव का मुख्य आकर्षण शाम 5.30 बजे निकलने वाली सांई बाबा की भव्य पालकी यात्रा होगी। यह यात्रा मंदिर स्थित द्वारिकामाई से प्रारंभ होकर लक्ष्मी नगर, जीवन कॉलोनी, आरके नगर और कमला कॉलेज रोड होते हुए पुनः मंदिर परिसर में पहुंचेगी। शाम 7.30 बजे धूप आरती का आयोजन होगा। रात 8 बजे से विशाल सांई भंडारे की शुरूआत होगी। रात्रि 8 बजे से श्री हरि सत्संग मंडली द्वारा सांई भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी।

### किसानों को योजनाओं से जोड़ने की पहल



**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ सभी पात्र किसानों तक पहुंचाने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत ऐसे वृद्ध एवं शारीरिक रूप से असमर्थ किसानों को चिन्हित किया जा रहा है, जो ई-केवाईसी एवं आधार सीडिंग नहीं करा पाने के कारण योजना के लाभ से वंचित रह गए थे। कृषि विभाग की टीम द्वारा इन किसानों के घर-घर पहुंचकर आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की जा रही है और उन्हें योजना से जोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही शासन के नवीन निर्देशानुसार सभी किसानों का एग्री-स्टैक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य किया गया है। यह विशेष अभियान 20 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जाएगा। जिसमें जिले के शत-प्रतिशत पात्र किसानों को योजना से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 107420 किसानों में से 107229 का ई-केवाईसी, 106744 का आधार सीडिंग तथा 97508 किसानों का एग्री स्टेक पंजीयन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

### एसोसिएशन ने संस्थापकगण को किया याद

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश पंजीयन क्रमांक 1844, पेंशनर्स भवन ठाकुर प्यारेलाल स्कूल परिसर जिला राजनांदगांव में 13 अप्रैल को संगठन के संस्थापकगण मरहूम हाजी डॉ. केबी गाजी साहब एवं स्वर्गीय डीएन साहू के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. गाजी के परिवार से उनके ज्येष्ठ सुपुत्र एडवोकेट एचबी गाजी, पुत्रवधु श्रीमती सबीहा गाजी, सुपुत्री श्रीमती साबरा फातमी गाजी एवं श्री साहू के परिवार से उनके ज्येष्ठ सुपुत्र जितेंद्र कुमार साहू, पुत्रवधु श्रीमती राजेश्वरी साहू, कनिष्ठ पुत्र जितेश्वर कुमार साहू, पुत्रवधू श्रीमती कुसुम साहू, नातिन महिमा साहू एवं एक और पुत्रवधु श्रीमती मधु साहू की उपस्थिति रही। दोनों परिवार के सदस्यों को अतिथि के स्थान पर आमंत्रित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। एडवोकेट एचबी गाजी मुख्य अतिथि के आसंदी से मरहूम गाजी के जीवन परिचय देते संस्मरण सुनाए। जितेंद्र साहू विशिष्ट अतिथि के आसंदी से अपने पिता को याद करते संस्मरण सुनाए। संगठन द्वारा उन दोनों श्रद्धेय संस्थापकगण के तैलचित्र का सम्मानपूर्वक अनावरण कर अपनी कृतज्ञता व्यक्त किया है। कार्यक्रम में दोनों संस्थापक मनीषियों के परिवार को शाल व श्रीफल भेंटकर पेंशनर्स एसोसिएशन की ओर से सम्मान किया गया।

### केवाईसी के नाम पर महिलाएं परेशान -आसिफ



**राजनांदगांव।** चुनाव से पहले महिलाओं को हर महीने 1 हजार रुपए देने का वादा करने वाली सरकार अब अपनी बातों से मुकरती नजर आ रही है। बाल विकास विभाग ने आदेश जारी कर कहा है कि योजना का लाभ पाने के लिए हर महिला का केवाईसी करना अनिवार्य है और इसके लिए अपने वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्र से संपर्क करना होगा, लेकिन जब महिलाएं अपने वार्ड के आंगनबाड़ी पहुंचती है, तो उन्हें सर्वर की समस्या या आईडी चेकिंग में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई वार्डों में उन्हें दूसरे वार्ड जाने को कहा जा रहा है। इससे महिलाएं अपना दैनिक कार्य छोड़कर लगातार भटक रही है और महतारी योजना के तहत मिलने वाली राशि अब उनके लिए परेशानी का कारण बन गई है। विभाग की तरफ से केवाईसी की सुविधा निःशुल्क कही जा रही है, परन्तु हितग्राहियों की ओर से लगातार शिकायत की जा रही है कि चॉइस सेंटरों में उनसे केवाईसी के नाम पर 50 से 100 रुपए तक वसूले जा रहे हैं। जिससे उन्हें दोहरी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेता आसिफ अली ने सरकार पर सीधा आरोप लगाया है कि प्रदेश की भाजपा सरकार की महतारी वंदन योजना विफल हो चुकी है और केवाईसी के नाम पर हितग्राहियों की संख्या कम करना सरकार का असल मकसद है।

### ग्रीष्मकालीन तीरंदाजी प्रशिक्षण कैंप आज से



**राजनांदगांव।** संस्कारधानी तीरंदाजी संघ जिला इकाई राजनांदगांव द्वारा इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन तीरंदाजी प्रशिक्षण कैंप का आयोजन कल 16 अप्रैल से अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम गौरव पथ राजनांदगांव स्थित तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र में किया जा रहा है। संघ के वरिष्ठ एनआईएस कोच राहुल साहू ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में खिलाड़ियों को दो आयु वर्गों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रथम वर्ग 5 से 15 वर्ष तथा द्वितीय वर्ग 15 से 20 वर्ष तक के खिलाड़ियों के लिए रहेगा। उन्होंने बताया कि इस शिविर में नए खिलाड़ियों को तीरंदाजी के मूलभूत तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं पूर्व से प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों को उन्नत (एडवांस) तकनीकों का विशेष अभ्यास कराया जाएगा। शिविर में अनुभवी एनआईएस कोच कुशल रजक द्वारा खिलाड़ियों के प्रदर्शन का व्यक्तिगत रूप से मूल्यांकन कर उन्हें बारीकियों के साथ प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। संघ का उद्देश्य केवल खिलाड़ियों को खेल सिखाना ही नहीं, बल्कि उनमें अनुशासन, एकाग्रता, आत्मविश्वास और खेल भावना का विकास करना भी है। तीरंदाजी जैसे खेल से बच्चों में मानसिक संतुलन, धैर्य और लक्ष्य पर फोकस करने की क्षमता बढ़ती है। संघ ने शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को इस ग्रीष्मकालीन तीरंदाजी प्रशिक्षण कैंप में भाग लेने हेतु प्रेरित करें।

# दमकल कर्मियों ने रैली निकालकर दिया जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस के अवसर पर जिला अग्निशमन कार्यालय परिसर से शहर में एक रैली निकाली गई और अग्नि सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। अग्निशमन दल द्वारा निकाली गई रैली में अग्निशमन सेवा से जुड़े कर्मचारियों और दमकल वाहनों को शामिल किया गया। रैली में शामिल दमकल वाहन आपातकालीन परिस्थिति होने पर सुरक्षा का एहसास कराते रहे।

प्रतिवर्ष 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर शहर के शांतिनगर, नया ढाबा क्षेत्र स्थित जिला अग्निशमन कार्यालय परिसर से एक रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में दमकल कर्मचारी शामिल हुए। वहीं इस रैली में दमकल वाहन भी अपनी सेवा और शौर्य का प्रदर्शन करते चल रहे थे।

अग्निशमन दिवस के अवसर पर 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान आगजनी की स्थिति में त्वरित सावधानियां, आवश्यक सेवाओं को सूचना देना, आग बुझाने के उपाय, उपकरणों की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। वहीं अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं के संबंध में भी जनजागरूकता फैलाई जाएगी।

### शहादत को किया नमन

अग्निशमन दिवस के अवसर पर रैली निकालकर अग्निशमन सेवा में अपनी जान कुर्बान करने वाले अग्निशमन कर्मचारी को याद करते उन्हें नमन किया गया। वहीं शहर के फायर स्टेशन में वीर अग्निशमन कर्मचारियों को याद करते उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और अग्निशमन सेवा सप्ताह का आरंभ किया गया।




### सिखाया जाएगा सुरक्षा उपकरणों का उपयोग

अग्निशमन दिवस को लेकर फायर स्टेशन प्रभारी मिर्जा ईमाम बेग ने बताया कि आज से अग्नि सुरक्षा सप्ताह की शुरूआत की जा रही है। 14 अप्रैल के दिन को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस अग्निशमन सेवा में कार्यरत जवानों की शहादत को नमन करने मनाया जाता है। वहीं रैली के माध्यम से लोगों को इस दिशा में जागरूक किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस सेवा जागरूकता सप्ताह में लोगों को घरों, स्कूलों और कार्यस्थलों पर अग्नि सुरक्षा उपकरणों जैसे अग्निशामक यंत्र का उपयोग सिखाया जाएगा।

### 66 जवानों की याद में होता है आयोजन

14 अप्रैल वर्ष 1944 को मुंबई के बंदरगाह में रुई की गांठों और विस्फोटक सामग्रियों से भरी सेना के पानी जहाज में आग लग गई थी। इस आग पर काबू पाने बम्बई फायर ब्रिगेड के लगभग 100 जवानों को घटनास्थल पर भेजा गया था। यह जवान अपने अटूट साहस और पराक्रम का परिचय देते इस धधकते आग पर काबू पाने का प्रयास करते रहे और आग भी बुझा ली गई, लेकिन इस प्रयास में अग्निशमन सेवा के 66 जाबांजों को अपनी जान गंवानी पड़ गई थी, तब से उनकी शहादत को याद करने अग्निशमन दिवस के रूप में इस दिन को मनाया जाता है।

## वेदांता कंपनी के पावर प्लांट में हुए हादसे के बाद प्रशासन का एक्शन

# दर्जनभर से ज्यादा उद्योगों में प्रशासन की दबिश, फायर सिस्टम की पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश के सक्ती जिले में स्थित वेदांता कंपनी के पावर प्लांट में हुए हादसे के बाद जिला प्रशासन भी हरकत में आ गया है। बुधवार को कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर प्रशासन की टीम ने जिलेभर के उद्योगों में दस्तक देकर निरीक्षण का कार्य किया।

इस दौरान उद्योगों में सुरक्षा मानको की जांच की गई। वहीं जहां खामियां पाई गई, उनके संचालकों को हफ्तेभर की मोहलत देकर जरूरी सुधार के निर्देश भी दिए गए। प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश पर औद्योगिक क्षेत्र में विभिन्न फैक्ट्री और राईस मिलों में फायर सेफ्टी, बॉयलर सेफ्टी एवं अन्य सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई इकाइयों में सुरक्षा व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। जबकि कुछ स्थानों पर कमियां मिलने पर सुधार के निर्देश दिए गए।

क्रेस्ट स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड की तीनों यूनिटों में फायर सेफ्टी सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। टीम को लॉग बुक भी दिखाया गया। जिसमें सुरक्षा मानकों की समय-समय पर एंट्री की जाती है। कंपनी द्वारा हर दो माह में फायर मॉकड्रिल और हर छह माह में अन्य सेफ्टी मॉक ड्रिल आयोजित की जाती है। श्रीराम सीमलेस प्राइवेट लिमिटेड पाइप इंडस्ट्री में भी सुरक्षा मानक संतोषजनक पाए गए। सभी कंपार्टमेंट में फायर एक्सटिंग्विशर लगाए गए हैं और उनकी नियमित रिफिलिंग कराई जाती है।

### सुधार के लिए हफ्तेभर की मोहलत

वहीं जनता इंडस्ट्रीज एवं राइस मिल में फायर एक्सटिंग्विशर नॉन-वर्किंग स्थिति में पाया गया। मालिक द्वारा बॉयलर निरीक्षण के दस्तावेज प्रस्तुत किए गए, लेकिन सुरक्षा सुधार के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है।



### बालू और पानी का नहीं मिला इंतजाम

बालाजी राइस मिल महाराजपुर में दो अग्निशामक यंत्र पाए गए। जिनमें से एक की रिफिलिंग नहीं हुई थी। संचालक को रिफिलिंग कराने, फायर अलार्म लगाने तथा बालू-पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।

### नहीं मिला फायर अलार्म

वर्धमान राइस मिल जनकपुर में 10 अग्निशामक यंत्र पाए गए, लेकिन फायर अलार्म और इमरजेंसी नंबरों का बोर्ड नहीं लगा था। इन्हें तत्काल लगाने के निर्देश दिए गए। जिनदत्त फूड प्रोसेसिंग यूनिट जनकपुर में 7 अग्निशामक यंत्र मिले, लेकिन फायर अलार्म, बालू-पानी की व्यवस्था और इमरजेंसी नंबरों का बोर्ड नहीं पाया गया।

### एक्सपायर मिला फायर सिस्टम

पार्रीकला में सुरेश राइस मिल में वर्ष 2019 से एक्सपायर फायर एक्सटिंग्विशर मिला तथा बॉयलर निरीक्षण के दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं कराए गए। संचालक को तत्काल फायर एक्सटिंग्विशर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। काकरिया पॉलिमर्स पर्रीकला में एक फायर एक्सटिंग्विशर एक्सपायर मिला, जिसे तत्काल रिफिल कराने के निर्देश दिए गए। अन्य तीन एक्सटिंग्विशर भी रिफिलिंग के लिए भेजे गए हैं।

### डॉक्टर ऑफ फिलासफी डिग्री से हुए सम्मानित



**राजनांदगांव।** कृषि व्यवसाय से जुड़े हिंदी व छत्तीसगढ़ी साहित्य में रूचि रखने वाले कवि हरिशंकर झारराय ने शंकराचार्य वि.वि. से राजनांदगांव जिले के रचनाकारों का हिंदी व छत्तीसगढ़ी के साहित्य में योगदान और विकास पर शोध प्रबंध प्रस्तुत कर डॉक्टर आफ फिलासफी की डिग्री हासिल की है। उन्हें उक्त साहित्य शोध पर विद्या वाचस्पति की उपाधि मेट्स विश्व विद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. केपी यादव व शोध प्रबंधक डॉ. सुनीता शशिकांत तिवारी, एचओडी डॉ. रेशमा अंसारी व छत्तीसगढ़ कॉलेज की डॉ. शिखा बेहार के हाथों प्रदत्त किया गया। हरिशंकर झारराय को उक्त उपाधि मिलने से छत्तीसगढ़ी व हिंदी साहित्य जगत के लोगों में हर्ष व्याप्त है। उक्ताशय की जानकारी छत्तीसगढ़ी साहित्य सृजन समिति के सचिव मानसिंह मौलिक द्वारा दी गई।

# शंकरपुर क्षेत्र में चाकूबाजी से गरमाया माहौल बौद्ध समाज के लोगों ने घेरा पुलिस चौकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के शंकपुर बजरंग चौक क्षेत्र में 14 अप्रैल की देर रात चाकूबाजी की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इस चाकूबाजी की वारदात में लवकुमार यादव घायल हो गया है। जबकि घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपी मौके से फरार हो गए हैं। इसी बीच घटना के दूसरे दिन माहौल फिर गरमा गया, जब कुछ नाबालिग युवक आरोपियों के घर के समीप चाकू लहराते घूमते पाया गया। इसके बाद चाकू लेकर दहशत फैलाने वाले युवकों को गिरफ्तार करने की मांग करते बौद्ध समाज के लोग बड़ी संख्या में चिखली पुलिस चौकी पहुंचकर घेराव कर दिया। चिखली पुलिस चौकी का घेराव करने पहुंची भारती सोनटेके ने कहा कि चाकू लेकर दहशत फैलाने पहुंचे युवकों ने जातिगत गाली-गलौज की और जान से मारने धमकी दी। वहीं उन पर हमला भी किया।

चिखली चौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत शंकरपुर में चाकूबाजी की घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया। वहीं सुबह तीन नाबालिग युवकों द्वारा फरार आरोपियों के घर के समीप पहुंचकर चाकू दिखाते हुए डराने-धमकाने और गाली-गलौज करने से तनाव बढ़ गया। इसके बाद बौद्ध समाज के लोगों द्वारा आरोपियों को पकड़ने पुलिस को सूचित किया गया। चिखली चौकी का घेराव करने पहुंचे लोगों ने कहा कि पुलिस आई और नाबालिग युवकों को कुछ दूर ले जाने के बाद छोड़ दिया गया। जिससे लोगों में आक्रोश भड़क गया। उन्होंने कार्रवाई की मांग करते पुलिस चौकी का घेराव किया। इस दौरान लोग सड़क पर उतर आए, जिन्हें समझाईश दी गई और नाबालिकों को पकड़ा गया।



### फरार आरोपियों की तलाश

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर ने बताया कि 14 अप्रैल की रात तीन युवकों द्वारा शंकरपुर के बजरंग चौक में यश उर्फ लवकुमार यादव को चाकू मारकर घायल किया गया था। इसके बाद आज सुबह लवकुमार यादव के मोहल्ले में रहने वाले अन्य तीन नाबालिग हमलावर आरोपियों के मोहल्ले में जाकर चाकू रखे घूम रहे थे, उन्हें पकड़ा गया है। वहीं उन्होंने बताया कि लवकुमार पर हमला करने वाले अमित डोंगरे, अंकित और पप्पू फरार है। जिसकी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों और घायल के बीच पूर्व में विवाद था।

### पुलिस ने किया मामला दर्ज

14 अप्रैल की रात लवकुमार अपने एक अन्य साथी के साथ मोटर साइकिल से जा रहा था। इसी बीच तीन युवकों द्वारा पहले उसे लाठी-डंडे से पीटा गया और इसके बाद पीठ पर चाकू से हमला कर दिया गया। जिससे वह घायल हो गया। आरोपियों ने पुराने विवाद के चलते हमला किया था। इस मामले में पुलिस ने फरार आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351, 115 और 109 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### रायगढ़ में प्रांतीय महासम्मेलन 19 से

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा द्वारा प्रांतीय महासम्मेलन एवं विष्णु महायज्ञ का कार्यक्रम तमनार रायगढ़ में आगामी 19 से 21 अप्रैल तक आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्तमंत्री ओपी चौधरी, रायगढ़ सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं सरगुजा सांसद चिंतामणी महराज, स्थानीय विधायकगण सहित समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंतीबाई वैष्णव मुम्बई एवं राष्ट्रीय महासचिव लखनदास वैष्णव मुंबई सहित प्रांतीय पदाधिकारीगण महिला एवं युवा प्रांतीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। आगामी 20 अप्रैल को प्रांतीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक भी होंगे। विष्णुयज्ञ के समापन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का उद्बोधन होगा। महासम्मेलन में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। युवक-युवती परिचय सम्मेलन, प्रतिभावान छात्रों का सम्मान, समाज के समर्पित समाजसेवियों का सम्मान किया जाएगा। डॉक्टर-इंजीनीयरों का भी मंच पर सम्मान किया जाएगा।

### निधन

**दीनबंधु धारगावे**

**डोंगरगढ़।** राजीव नगर निवासी दीनबंधु धारगावे का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर समाजिकजनों ने शोक व्यक्त किया है।

### स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



**राजनांदगांव।** डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल के नतीजों में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। इस उपलब्धि से स्कूल परिवार में खुशी की लहर है। शाला के छात्रों एवं शिक्षकों की मेहनत के कारण छात्र-छात्राएं इस मुकाम तक पहुंचे हैं और अपने माता-पिता और शिक्षकों का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रशासन और शिक्षकों ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परिणाम की घोषणा होते ही शाला परिसर में पालकगण एवं छात्र-छात्राएं मिठाइयां लेकर आते रहे और शिक्षकों के साथ अपने परिणामों का जश्न मनाते रहे। कक्षा दसवीं में प्रथम मौली हिरवानी 90.4 प्रतिशत, द्वितीय तनु वर्मा 87.4 प्रतिशत, द्वितीय तीजिल कुमार साहू 87.4 प्रतिशत, तृतीय इशिका देवांगन 85.6 प्रतिशत, चतुर्थ गोविंद देवांगन 85 प्रतिशत, पंचम स्थान यावी जंघेल 84.2 प्रतिशत रहे। शाला की अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी सिंह ने शाला परिवार को शानदार परीक्षा परिणाम देने पर बधाइयां एवं आशीर्वाद प्रेषित की। इस अवसर पर शाला की अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, पूजा सिंह, ईला सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, एकता खंडेलवाल, बरसर डॉ. इंद्रकुमार वैष्णव एवं शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं की उपलब्धि एवं उनकी सफलता पर उन्हें शुभकामनाएं दी।

न्यू होलेण्ड
NEW HOLLAND
आवश्यकता है

| | |
|---|---|
| मैनेजर | 1 पद |
| मेकेनिक | 2 पद |
| सेल्समेन | 5 पद |

शाकंबरी ट्रेडर्स राजनांदगांव रोड़ सोनेसरार खैरागढ़ मो. 8602996070

## सर्वाइकल कैंसर से मुक्ति के लिए अभियान

# 134 बालिकाओं को लगी एचपीव्ही वैक्सीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में 13 अप्रैल को शहरी क्षेत्र के 134 किशोरी बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाया गया। जिले में अब तक कुल 224 हितग्राहियों को यह वैक्सीन दी जा चुकी है। यह टीका एचपीवी संक्रमण के कारण होने वाले सर्वाइकल कैंसर को रोकने काफी प्रभावशील है। भारत में 14 वर्ष की लड़कियों एवं 15 वर्ष 3 माह हो गया हो, ऐसे सभी बालिकाओं को यह टीका लगाया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि यह वैक्सीन सुरक्षित है तथा एचपीवी वैक्सीन हेतु सभी अभिभावक अपने बच्चों को जिला चिकित्सालय में कार्य दिवस पर उपस्थित होकर एचपीवी वैक्सीन लगवाए और सुरक्षित भविष्य के निर्माण में अपना योगदान दें। यह वैक्सीन निःशुल्क है तथा वैक्सीन से किसी भी प्रकार का कोई दुष्परिणाम नहीं है। वैक्सीन हेतु डॉक्टर की निगरानी पर केवल 30 मिनट बैठना होता है। हितग्राही युवीन पोर्टल के माध्यम से भी अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं अन्यथा आधार कार्ड लेकर जिला चिकित्सालय में उपस्थित होकर अपना निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं।



### 14 साल की बच्चियों को टीका

टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी ने बताया कि आगामी समय में जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में टीका लगाया जाएगा। यह वैक्सीन सुरक्षित भविष्य की ओर एक बड़ा कदम है। कैंसर आज सिर्फ एक बीमारी नहीं, बल्कि लाखों परिवारों की चिंता का कारण बन चुका है। बात बेटियों की हो तो हर मां-बाप के दिल में एक ही डर होता है। कहीं उनकी बच्ची गंभीर बीमारी की शिकार ना हो जाए, सर्वाइकल कैंसर ऐसी ही एक खतरनाक बीमारी है जो चुपचाप महिलाओं की सेहत को नुकसान पहुंचाती है, लेकिन अब इस डर को कम करने की तरफ एक बड़ा और उम्मीद भरा कदम उठाया गया है, सभी अभिभावकों से अपील है कि वे अपने बच्चे जिन्होंने 14 साल का जन्मदिन मनाया है और 15 साल का जन्मदिन नहीं मनाया है, वे जिला चिकित्सालय एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा लें।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### सीबीएसई कक्षा 10वीं में आयुष मिश्रा ने 91.4 प्रतिशत के साथ किया टॉप, प्रतिभा और परिश्रम की मिशाल



**हरिभूमि कवर्धा।** हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा के छात्र आयुष मिश्रा ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की कक्षा 10वीं परीक्षा में 91.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। छात्र आयुष प्रारंभ से ही अनुशासित और लक्ष्य के प्रति समर्पित छात्र रहे हैं। उन्होंने हर कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए निरंतर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उनकी सफलता का श्रेय उनकी मेहनत, दृढ़ संकल्प और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया जा रहा है। विशेष बात यह है कि आयुष ने बिना किसी कोचिंग के यह मुकाम हासिल किया। वे प्रतिदिन राम्हेपुर गांव से स्कूल तक आना-जाना कर अपनी पढ़ाई जारी रखते रहे, जो उनकी लगन और अनुशासन को दर्शाता है। पढ़ाई के साथ-साथ छात्र आयुष मिश्रा एक कुशल पेंटर भी हैं। बचपन से ही उन्हें पेंटिंग का शौक है और वे अपनी कला के माध्यम से अपनी रचनात्मकता को अभिव्यक्त करते हैं। उनकी यह बहुमुखी प्रतिभा उन्हें अन्य विद्यार्थियों से अलग पहचान दिलाती है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य, डायरेक्टर एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्र आयुष मिश्रा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं परिवार में भी खुशी का माहौल है। पिता सुधीर मिश्रा, माता श्रीमती बबली मिश्रा सहित परिजनों और मित्रों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं, आयुष की इस सफलता ने न केवल उनके परिवार, बल्कि विद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया है।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकतांत्रित मील का पत्थर साबित हो रहाः श्रीमती सुधा तिवारी



**हरिभूमि कोलेगांव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पारित किया गया नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश के लोकतांत्रिक इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। यह अधिनियम न केवल महिलाओं को राजनीतिक और प्रशासनिक निर्णयों में समान भागीदारी प्रदान करता है, बल्कि उन्हें नेतृत्व के उच्च स्तर तक पहुंचने का सशक्त अवसर भी देता है। लंबे समय से महिलाओं की भागीदारी सीमित रही है, लेकिन इस ऐतिहासिक पहल से देश की लगभग 50 प्रतिशत महिला आबादी को एक नई पहचान और सम्मान मिला है। यह कानून महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करता है, जिससे महिलाएं केवल मतदाता नहीं बल्कि नीति निर्माता के रूप में भी अपनी भूमिका निभा सकेंगी। जिस पर श्रीमती सुधा छत्रकिशोर सानू तिवारी ने बताया कि शासन व्यवस्था में पारदर्शिता, संवेदनशीलता और समावेशिता बढ़ेगी, जो एक विकसित और संतुलित समाज के निर्माण में अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से विकास की गति और अधिक तेज होगी। आज का भारत नारी शक्ति के योगदान को स्वीकार करते हुए आगे बढ़ रहा है। यह अधिनियम आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा और महिलाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक और सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होने कहा कि अब महिलाएं देश के हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस ऐतिहासिक और दूरदर्शी पहल के लिए हृदय से आभार किया।

### बीजाझोरी में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया



**हरिभूमि बरबसपुर।** शासकीय प्राथमिक स्कूल बीजाझोरी में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत माताओं के सह मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों की शिक्षा में माताओं की भागीदारी सुनिश्चित करना और उन्हें घर पर ही सीखने का वातावरण तैयार करने के लिए प्रेरित करना है। मेले में बच्चों के बौद्धिक और शारीरिक विकास के लिए विभिन्न स्टॉल लगाए गए थे, जहां माताओं ने स्वयं अपने बच्चों का आकलन किया। शिक्षकों द्वारा माताओं को बताया गया कि कैसे रसोई के समान, और घरेलू वस्तुओं का उपयोग करके बच्चों को जोड़-घटाव और अक्षर ज्ञान सिखाया जा सकता है, शिक्षक की भूमिकाः विद्यालय के प्रधान पाठिका श्रीमती सीमा झा और श्रीमती यशोधरा धुर्वे शिक्षकों ने बताया कि इस कार्यक्रम से स्कूल और घर के बीच की दूरी कम होगी माताओं को स्मार्ट माता के रूप में वे प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि वे गांव की अन्य महिलाओं को भी इस मुहिम से जोड़ सकें। वहीं स्मार्ट माता कुमारी बाई, खेथारिन, तेरसकुंवर, बिंदिया, सविताबाई, नेमिन यादव, सरिता यादव, सुरेखा यादव रूखमणि साहू शामिल हुए। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने हिस्सा लिया, कार्यक्रम के अंत में सक्रिय माताओं को अभिनंदन प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठिका श्रीमती सीमा झा, सहायक शिक्षक श्रीमती यशोधरा धुर्वे तथा आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता एवं सहायिका और गांव के माताएं सम्मिलित थे।

### डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती पर भाजपा मंडल कुण्डा में एक वृहद संगोष्ठी का आयोजन



**हरिभूमि कुण्डा।** भारतीय संविधान के जनक भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जन्म जयंती भाजपा मंडल कुण्डा में वृहद संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत के सभापति रामकुमार भट्ट मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थें। उक्त अवसर पर मण्डल अध्यक्ष बाल मुकुंद चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, सेवाराम कुर्रे, दिनेश मिश्रा, रामस्वरूप साहू, सुरेश दुबे, कृष्णा चंद्राकर उपस्थित थें। समस्त अतिथियों द्वारा बाबा साहब अंबेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सभा को संबोधित कर पूर्व जिला पंचायत व सभापति जिला पंचायत रामकुमार भट्ट ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर भारतीय इतिहास के एक महान व्यक्तित्व है, जिन्होने समता स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित भारतीय संविधान की रचना कर भारत की महान लोकतांत्रिक विरासत को सुदृढ़ आधार प्रदान किया, उन्होनें दलितों, महिलाओं और श्रमिकों के अधिकारों के लिए जीवन भर संघर्ष किया और शिक्षित बनों, संगठित रहों, संघर्ष करों का मूल मंत्र दिया जो आज भी प्रेरणा का स्त्रोत है। भेदभाव रहित समाज का निर्माण शिक्षा को हर व्यक्ति तक पहुंचाना संविधान के मूल्यों का सम्मान करना उनके जीवन से प्रेरणा मिलती है। उक्त अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने भी सभा को संबोधित कर बाबा साहब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार व्यक्त किए।

**अनदेखी:** करोड़ों का पुल कमजोर नींव पर मानकों की अनदेखी, जांच की मांग

# देवसरा के पुल निर्माण कार्य में भारी अनियमितता का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पंडरिया विकासखंड के वनांचल क्षेत्र ग्राम देवसरा में लगभग 3 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित पुल निर्माण कार्य अब गंभीर विवादों में घिर गया है। ग्रामीणों ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कार्य में भारी अनियमितता का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि निर्माण कार्य में तकनीकी मानकों की अनदेखी की जा रही है, जिससे पुल की मजबूती और सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। जिस पर ग्रामीणों के अनुसार पुल की नींव (बेस) की मोटाई निर्धारित मानकों के विपरीत बेहद कम रखी जा रही है। ग्रामवासियों जिसमें उत्तम मोहले, मनीष दिवाकर, मुकेश मोहले, विष्णु यादव और राजकुमार धुर्वे ने बताया कि बेस की मोटाई तीन इंच से भी कम नजर आ रही है, जबकि नियमों के अनुसार यह कहीं अधिक होनी चाहिए। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि भविष्य में यह पुल किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

वहीं स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे पुल की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड का अभाव भी लोगों की नाराजगी का कारण बना हुआ है। आमतौर पर शासकीय कार्यों में लागत, निर्माण एजेंसी और समय-सीमा की जानकारी प्रदर्शित की जाती है, लेकिन यहां ऐसा कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जिस पर ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच विशेषज्ञों से कराई जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्यवाही नहीं की गई, तो करोड़ों की लागत से बन रहा यह पुल जनता के लिए खतरा बन सकता है। स्थानीय नागरिक तिहारी यादव, सुनील बंजारे, गंगाराम मरकाम, सत्यम कुमार और मनबोद यादव ने कहा कि शासन द्वारा विकास कार्यों के लिए भारी राशि खर्च की जा रही है, लेकिन यदि जमीनी स्तर पर इस तरह की लापरवाही बरती जा रही है तो यह गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने उच्च अधिकारियों से मौके का निरीक्षण कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

#### बिना बोर्ड के निर्माण, सवालों के घेरे में पारदर्शिता



देवसरा में बन रहे पुल निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड का अभाव कई सवाल खड़े कर रहा है। नियमानुसार किसी भी शासकीय निर्माण कार्य में परियोजना की लागत, कार्य एजेंसी, स्वीकृति तिथि और पूर्णता अवधि की जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाती है। लेकिन यहां ऐसा कोई बोर्ड नजर नहीं आ रहा है। इससे न केवल पारदर्शिता प्रभावित हो रही है, बल्कि ग्रामीणों में अविश्वास भी बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि संबंधित विभाग तत्काल सूचना बोर्ड लगाकर कार्य की पूरी जानकारी सार्वजनिक करे।

### प्रज्ञा चंदेल ने कक्षा 10वीं में 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया टॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



हॉयर सेकेण्डरी स्कूल होली किंगडम की छात्रा सुश्री प्रज्ञा चंदेल ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्तकर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। मिली जानकारी के अनुसार छात्रा प्रज्ञा चंदेल प्रारंभ से ही मेधावी एवं अनुशासित छात्रा रही हैं। उन्होंने अपनी प्रत्येक पिछली कक्षाओं में भी प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए निरंतर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

उनकी सफलता का श्रेय उनकी मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य एवं डायरेक्टर जॉय थॉमस सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रज्ञा को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही साथ परिवार में भी खुशी का माहौल है। प्रज्ञा के पिता डॉ राकेश चंदेल, माता श्रीमती राजेश्वरी चंदेल, दादा बीएल चंदेल, नाना दिलीप वर्मा, नानी श्रीमती सुरुचि वर्मा सहित समस्त परिजनों एवं मित्रों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की।

## मुमुक्षु अनुमोदना अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

पंडरिया नगर की संयम शान जैन समाज के दिनेश इंद्रा देवी डाकलिया परिवार की बिटिया मुमुक्षु बहना काजल डाकलिया जिनकी भगवती दीक्षा आगामी 23 अप्रैल को देलवाड़ा तीर्थ माउंट आबू में खरतर गच्छ आचार्य श्री आद्धात्मयोगी प पू महेन्द्र सागर महाराज साहेब, युवा मनीषी प पू मनीष सागर महाराज साहेब के साथ मनोहर शिशु मंडल की साध्वी श्री संघमित्रा श्री जी म सा की पावन निश्रा में संपन्न होनी है। वहीं आज पंडरिया नगर के साथ छग के सभी शहरों से आए हुए धर्म प्रेमी श्रावक श्राविकाओ की उपस्थिति में अनुमोदना अभिनंदन कार्यक्रम 13-14 अप्रैल को पंडरिया में श्री संघ पंडरिया के द्वारा आयोजित किया गया, जिसमे दूसरे दिन भव्य वरघोड़ा प्रभु परमात्मा के आशीर्वाद के साथ निकाली गई, जिसमे जैन समाज के सैकड़ो श्रद्धालुओं के साथ पंडरिया नगर के सर्व समाज ने उत्साह पूर्वक उपस्थिति दर्ज कराकर मुमुक्षु बहन के संयम मार्ग की अनुमोदना अभिनन्दन किया।

13 अप्रैल की रात्रि में अनुमोदना अभिनंदन भाव यात्रा की प्रस्तुति दुर्ग के सीए संतोष जैन के साथ भक्ति भावना प्रस्तुति दर्शन जी कोठारी ने की, दूसरे दिवस प्रातः 9 बजे मुमुक्षु बहन काजल डाकलिया को भव्य रथ में सकल जैन श्री संघ के साथ वरघोड़ा निकाली गई जिसमे गांधी चौक में समाज के लोगो द्वारा लड्डुओं की प्रसादी वितरण किया गया, गांधी चौक में भाजपा के चन्द्रकुमार सोनी, नवलकिशोर पांडेय, देवेंद्र गुप्ता, पार्षद अनुराग सिंह, कुलदीप सिंह छाबड़ा, प्रहलाद मिश्रा, ब्राह्मण समाज के नरेन्द्र तिवारी, बद्री शुक्ला, अमन पाठक, पूरन सिंह, नपाध्यक्ष श्रीमती मंजुला कुर्रे, मीनाक्षी सिंह के साथ कार्यकर्ताओं ने शंख बजाकर आरती उतारकर अनुमोदना अभिनंदन किया गया, साथ ही ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम साहू, मनीष शर्मा, गुरुदत्त शर्मा, योगेश शर्मा, पार्षद राजकिरण सिंह के साथ कार्यकर्ताओ ने भी अभिनंदन किया, इसके अलावा सर्व समाज प्रमुखों द्वारा भी अभिनंदन किया।

मुमुक्षु बहन के स्वागत में जैन समाज के अलावा अन्य समाज राजनीतिक दलों राइस मिल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कांतिलाल बोथरा के साथ मीडिया के साथियों ने एक जुटता का परिचय देते हुए अभिनंदन किया पंडरिया नगर में सर्व धर्म समभाव की भावना देखने को मिली। वरघोड़ा के बाद आत्मानंद स्कूल में कुंकुम मायरा के साथ मेहंदी सांझी का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया वहीं रात्रि में जैन समाज की महिला मंडल द्वारा मुमुक्षु बहन के संयम की अनुमोदना हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम की सुंदर प्रस्तुति की गई जिसमे प्रमुख रूप से श्रीमती लीला देवी लोढ़ा, श्रीमती नगीना देवी लोढ़ा, मंजू छाजेड़, ज्योति लोढ़ा, वन्दना डाकलिया, तनुश्री लोढ़ा, परी लोढ़ा, हंसिका लोढ़ा के साथ अभिषेक लोढ़ा ,प्रतीक बंगानी की प्रस्तुति सराहनीय रही।

### शशिलता बैगा बनीं चितेरे फाउंडेशन की कुईकुकदुर ब्लॉक अध्यक्ष



**हरिभूमि कोलेगांव।** आदिवासी अंचल की विलुप्त होती पारंपरिक कलाओं को सहेजने और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय फलक पर स्थापित करने के संकल्प के साथ भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन ने अपने संगठन का विस्तार तेज कर दिया है। इसी कड़ी में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रतिष्ठित चित्रकार बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा के नेतृत्व में सुश्री शशिलता बैगा को कुई-कुकदुर ब्लॉक की कमान सौंपी गई है। उनकी कार्यकुशलता और समाज के प्रति अटूट जुड़ाव को देखते हुए फाउंडेशन ने उन्हें इस महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सौंपी है। जिस पर वरिष्ठ पदाधिकारियों और ब्लॉक अध्यक्षों ने दी बधाई प्रेषित कर सुश्री शशिलता की नियुक्ति पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों में हर्ष का माहौल है। सहायक डायरेक्टर सुश्री तान्या मरावी ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। जिला अध्यक्ष लीलाधर नेताम व पंडरिया ब्लॉक अध्यक्ष मन्नू जयराम मरावी ने भी इस नियुक्ति का स्वागत किया है। शशिलता बैगा स्वयं छात्र-छात्राओं से मिलकर उन्हें अपनी पारंपरिक कला की बारीकियों से अवगत करा रही हैं और मौके पर ही प्रशिक्षण शिविर के लिए आवेदन फॉर्म भरवा रही हैं। युवाओं में अपनी संस्कृति और चित्रकारी को सीखने के प्रति भारी उत्साह देखा जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा जानकारी ने साझा करते हुए कहा कि हमारी कला ही हमारी पहचान है। इस निःशुल्क शिविर के माध्यम से हम स्थानीय प्रतिभाओं को तराशकर उन्हें एक बड़ा मंच प्रदान करेंगे।

## नवीन सेवा सहकारी समिति मर्यादित रेंगाबोड़ का मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

छत्तीसगढ़ में सहकारिता विभाग द्वारा 515 नवीन पैक्स सोसायटी गठन के उपरांत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य अतिथि में एवं वन परिवहन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के अध्यक्ष में राज्य में 515 नवीन गठित पैक्स समितियों का वर्चुअल शुभारंभ किया। इसी क्रम में जिले 48 एवं पंडरिया ब्लॉक में 8, नए नवीन सेवा सहकारी समितियों का शुभारंभ किया, जिसमें कुण्डा मण्डल अंतर्गत अविभाजित महली सोसायटी अंतर्गत ग्राम रेंगाबोड़ को विभाजित कर नवीन सोसायटी का गठन किया गया, जिसका वर्चुअल शुभारंभ मुख्यमंत्री के कर कमलों से हुआ, नवीन सेवा सहकारी समिति मर्यादित रेंगाबोड़ प.क्र. 319 में ग्राम रेंगाबोड़, केशली, गुझेटा, बनिया, कुआ,खम्हरिया एवं अखरा के कृषक अपना धान बेच सकते है। इस समिति कुल 754 कृषक अपना धान बेच सकेंगें, समिति द्वारा मुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअल शुभारंभ को देखने एवं सुनने कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कार्यक्रम के मुख्यातिथि मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी एवं अध्यक्षता सोसायटी अध्यक्ष महली रामकुमार चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला मंत्री सुरेश दुबे, हरेकृष्णा शुक्ला, गणेश यादव, मनोज ठाकुर, अमन खनूजा, जेठू निर्मलकर, मुरली चंद्राकर ने अतिथियों के आसंदी से वर्चुअल शुभारंभ देखा एवं सुना। जिसमें पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के अथक प्रयास से पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत 8 नवीन सोसायटी का शुभारंभ आज हुआ कार्यक्रम के दौरान मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, जिला मंत्री सुरेश दुबे एवं वरिष्ठ भाजपा नेता हरे कृष्णा शुक्ला ने उपस्थित कृषकगण एवं क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य के साय सरकार द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया एवं पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों को गिनाया। वहीं नवीन सेवा सहकारी समिति मर्यादित रेंगाबोड़ के नए कार्यालय का लोकार्पण कार्य में आसपास क्षेत्र के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक तथा क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

## गुरुकुल ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम



- कक्षा दसवीं में राजवीर सिंह राजपूत 97% अर्जित कर प्रथम स्थान, वासु दुबे 94 .6 द्वितीय व शशांक महोबिया ने 92 .2 तृतीय स्थान प्राप्त किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा के विद्यार्थियों ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं की परीक्षा-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा मे कुल 135 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी लगन एवं परिश्रम के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शाला ही नहीं वरन जिले को गौरवान्वित किया है।

कक्षा दसवीं में छात्र राजवीर सिंह राजपूत 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं वासु दुबे 94.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर एवं शशांक महोबिया 92.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं में कुल 135 विद्यार्थियों में से 82 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। जिस पर विद्यालय के प्रबंध समिति ने बतलाया कि विद्यालय के सभी विषयों के शिक्षकों ने अपनी कड़ी मेहनत एवं मार्गदर्शन के साथ छात्र-छात्राओं की विशेष सहभागिता से प्राप्त इस उपलब्धि पर अपार हर्ष व्यक्त किया है।

इस उत्कृष्ट परिणाम हेतु प्राचार्य ने सभी शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की एवं कहा कि यह विद्यार्थीयों के उचित मार्ग दर्शन में पढ़ाई करने का सुपरिणाम है। भविष्य में भी विद्यालय के विद्यार्थी इसी प्रकार और इससे अच्छा प्रदर्शन कर शाला एवं जिले को राज्य स्तर पर गौरवान्वित करते रहेंगे। संस्था के अध्यक्ष एवं संचालको ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है तथा विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने के लिए बधाई दी।

### भीषण गर्मी में ग्रामीणों के लिए वरदान...

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम अमलीमालगी में स्थित लगभग 150 वर्ष पुराना तालाब किनारे का पीपल का पेड़ इन दिनों भीषण गर्मी में ग्रामीणों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। बस्ती के बीच स्थित यह विशाल वृक्ष न केवल छांव देता है, बल्कि पूरे गांव के लिए एक प्राकृतिक विश्राम स्थल बन चुका है। गर्मी के मौसम में जहां लोग तपती धूप से परेशान रहते हैं, वहीं इस पेड़ के नीचे बैठने पर ठंडक और सुकून का एहसास होता है। ग्रामीणों का कहना है कि दोपहर के समय भी इस पेड़ के नीचे बैठने पर गर्मी का अहसास नहीं होता। यही कारण है कि गांव के बुजुर्ग, युवा और बच्चे अधिकतर समय इसी पेड़ के नीचे एकत्रित होकर समय बिताते हैं। यह पेड़ सामाजिक मेल-जोल का केंद्र भी बन गया है, जहां लोग बातचीत करते हैं और दिनभर की थकान मिटाते हैं।





**बारदात: करीब तीन करोड़ के लेनदेन का मामला आया सामने, जांच में जुटी पुलिस**

# युवा व्यापारी ने परिवार सहित जहर सेवन कर किया आत्महत्या का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा से एक बेहद चौंकाने वाली और दुखद घटना सामने आई है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। नगर के एक युवा व्यापारी ने कथित तौर पर भारी आर्थिक दबाव और लेन-देन के विवाद से परेशान होकर अपनी पत्नी और बच्चों के साथ जहर का सेवन कर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। घटना के बाद सभी पीड़ितों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, व्यापारी योगेश जैन का विभिन्न लोगों के साथ करीब 3 करोड़ रुपए का लेन-देन चल रहा था। बताया जा रहा है कि इस रकम की वसूली को लेकर कई लोग लगातार उन पर दबाव बना रहे थे। तगादेदारों द्वारा बार-बार फोन कॉल, घर आकर दबाव बनाना और यहां तक कि जान से मारने की धमकी देने जैसी घटनाएं भी सामने आई हैं। इन परिस्थितियों से व्यापारी मानसिक रूप से काफी तनाव में आ गया था। बताया जाता है कि लगातार बढ़ते दबाव और भय के कारण योगेश जैन ने एक बड़ा कदम उठाने का निर्णय लिया। आत्महत्या के प्रयास से पहले उन्होंने तीन पन्नों का एक सुसाइड नोट भी लिखा, जिसमें उन्होंने अपनी परेशानी और परिस्थितियों का उल्लेख किया है साथ ही उन लोगों व फर्मों का भी उल्लेख किया जिससे उसका लेनदेन था। योगेश ने अपने परिजनो के लिए मार्गिक संदेश लिया है। पुलिस इस सुसाइड नोट को अहम सबूत मानकर मामले की जांच कर रही है। घटना के दिन योगेश जैन ने मौका देखकर अपनी पत्नी और बच्चों के साथ जहर का सेवन कर लिया।

जहर का असर होते ही सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों और आसपास के लोगों को जब इसकी जानकारी मिली, तो तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार सभी की हालत गंभीर बनी हुई है, हालांकि उनका उपचार जारी है और डॉक्टर पूरी कोशिश कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही कवर्धा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

पुलिस सुसाइड नोट के आधार पर यह जानने का प्रयास कर रही है कि किन-किन लोगों का इस लेन-देन में संबंध था और क्या वास्तव में व्यापारी को धमकाया जा रहा था। साथ ही पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस पूरे घटनाक्रम के पीछे कोई अन्य कारण तो नहीं है। इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आर्थिक दबाव और मानसिक तनाव किस तरह लोगों को चरम कदम उठाने के लिए मजबूर कर देता है। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है और पुलिस जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा करने की बात कह रही है।



**पीड़ित परिवार के बयान का इंतजार, कार्यवाही जारी: एसपी**

व्यापारी के परिवार सहित आत्महत्या की कोशिश की गई है। सभी के जहर सेवन की जानकारी मिली है,उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना किया है, व्यापारी व उसके परिवार के सदस्यों का बयान लेने का प्रयास किया है, लेकिन उनकी स्थिति बयान देने के हालत में नहीं थी। सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें एक व्यक्ति को लेकर आरोप लगाए गए है, ये सब जांच का विषय है।



# कवर्धा राजपरिवार के हनुमान मंदिर से 10 तोले का चांदी का मुकुट पार प्रतिमा को भी किया गया खण्डित

- कवर्धा कोतवाली में दर्ज कराई गई रपट, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा में आसामाजिक एवं आपराधिक तत्वों ने एक बार फिर सनातनधर्मियों की आस्था पर चोट करते हुए वारदात को अंजाम दिया है। इस बार कवर्धा राजपरिवार के हनुमान मंदिर में चोरी की घटना सामने आई है। बताया जाता है कि अज्ञात चोरों ने मंदिर से लगभग 10 तोला चांदी का मुकुट चोरी कर मंदिर में स्थापित हनुमान जी प्रतिमा को अण्डित कर दिया है।

इस मामले की जानकारी होने के बाद मंदिर के पुजारी ने कवर्धा कोतवाली में रपट दर्ज करा दी है। जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है लेकिन अभी तक अज्ञात आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पूरा मामला कवर्धा सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के फुलवारी का है। बताया जाता है कि यहा राज परिवार के हनुमान मंदिर में स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा पर चांदी का मुकुट लगा था। जिसे अज्ञात चोरों ने मंगलवार बुधवार की रात मंदिर में दबिस देकर पार कर दिया।

इतना ही नहीं आरोपियों ने हनुमान जी की प्रतिमा को खण्डित कर दिया। घटना की जानकारी बुधवार की सुबह उस समय हुई जब रोज की तरह मंदिर के पुजारी मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे। मंदिर के पुजारी के मुताबिक हनुमान जी की प्रतिमा में लगा मुकुट गायब था और मंदिर का निचला हिस्सा खण्डित था जिसके बाद उन्होने इसकी जानकारी राजपरिवार और आसपास के लोगों को दी तथा घटना की रपट कवर्धा कोतवाली में दर्ज कराई। जिस पर कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल के निरीक्षण के बाद आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए सुराग जुटाने में जुट गई। पुलिस प्रशासन ने जल्द ही मामले का खुलासा करने की बात कही है।

### शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने शासन-प्रशासन को घेरा

वहीं इस मामले के सामने आने के बाद शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक सिंह ने पुलिस प्रशासन और शासन को एक बार फिर आड़े हाथो लिया है। श्री सिंह ने जारी बयान में कहा कि कवर्धा शहर में लगातार हिंदू धर्म की आस्था के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। आए दिन देवी-देवताओं की मूर्तियों को खंडित करने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जो अत्यंत निंदनीय और असहनीय है। उन्होने कहा कि आज फुलवारी स्थित बजरंगबली जी मूर्ति को खंडित किया गया है असामाजिक तत्वों द्वारा हनुमान जी की चांदी की मुकुट चोरी, मंदिर की बड़ी घंटी चोरी, एवं मूर्ति के नीचे खुदाई कर उसे खंडित करने का निंदनीय प्रयास किया गया है। यह सीधा-सीधा हमारी आस्था पर प्रहार है। श्री सिंह ने इस घटना की कड़े शब्दों में निदां करते हुए कहा कि अब चुप बैठने का समय नहीं है। यह हमारी श्रद्धा, संस्कृति और धर्म की रक्षा का प्रश्न है।

**खबर संक्षेप**



### कुण्डा में मनाई गई अम्बेडकर जयंती

**कुण्डा** ग्राम पंचायत कुण्डा में पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्राम पंचायत भवन परिसर में अंबेडकर जयंती मनाई। भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सरपंच हरेंद्र चंद्राकर के नेतृत्व में ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों ने बाबा साहब के तैलीय चित्र पर पुष्पहार अर्पित कर एवं श्रीफल फोड़कर बाबा साहब की जयंती मनाया एवं प्रतिनिधियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए देश के प्रति दिए उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर सरपंच हरेंद्र चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा ध्वजाराम चंद्राकर, पंच वागीश चंद्राकर, पंच चैतन्य सोनी, सूरज यादव, शशांक शर्मा, पंच मनोज भास्कर, पंच पन्ना साहू, पंच लव साहू, पंच आनंद परवाना, मनीष सोनवानी, दीपक परवाना, गौतम मानिकपुरी, नरेंद्र अंचल, अभिषेक जांगड़े, हलधर पात्रे, महेश्वर डाहीरे सहित बड़ी संख्या गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत एक विपत्तिग्रस्त परिवार को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। इसके तहत ग्राम चैरा निवासी बुधियारिन बाई की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पुत्र मुन्ना बैगा को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

# पुलिस प्रशासन ने ली होटल, लॉज व ढाबा संचालकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने और आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण के उद्देश्य से कबीरधाम पुलिस ने होटल, लॉज एवं ढाबा संचालकों की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कृष्ण कुमार चंद्राकर द्वारा ली गई। बैठक में एसडीओपी कृष्ण कुमार चंद्राकर ने संचालकों को निर्देशित किया कि किसी भी विदेशी नागरिक के ठहरने की स्थिति में उसकी जानकारी निर्धारित प्रपत्र में भरकर तत्काल संबंधित थाने में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। साथ ही समाधान ऐप में भी उसका ऑनलाइन पंजीयन सुनिश्चित करना होगा। नियमों का उल्लंघन करने पर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना वैध पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति, विशेषकर नाबालिगों को कमरे उपलब्ध न कराए जाएं। सभी संचालकों को प्रत्येक अतिथि की पहचान की जांच कर उनका विवरण रजिस्टर में दर्ज करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने के निर्देश दिए गए। बैठक में छत्तीसगढ़ पुलिस के समाधान ऐप की उपयोगिता पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि ऐप के माध्यम से अतिथियों का नाम, पता, पहचान विवरण, आगमन-प्रस्थान की जानकारी ऑनलाइन दर्ज की जा सकती है, जिससे पुलिस को रियल टाइम सूचना मिलती है और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होती है। ढाबा संचालकों को भी सख्त हिदायत दी गई कि किसी भी सार्वजनिक स्थल पर अवैध रूप से शराब परोसना पूरी तरह प्रतिबंधित है। उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कोतवाली थाना प्रभारी योगेश कश्यप, साइबर थाना प्रभारी महेश प्रधान, डीएसबी प्रभारी नितिन तिवारी सहित जिले के होटल, लॉज एवं ढाबा संचालक उपस्थित रहे। पुलिस ने सभी से नियमों का पालन कर प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

# कवर्धा में नारी शक्ति सम्मेलन आयोजित नारी सशक्तीकरण पर दिया गया जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

महिला सशक्तिकरण की दिशा में कबीरधाम जिले में नारी शक्ति सम्मेलन का आयोजन वीर सावरकर भवन, कवर्धा में किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 16 से 18 अप्रैल 2026 तक आयोजित होने वाले विशेष संसद सत्र तथा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक धमतरी रंजना साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा पाण्डेय, राजेन्द्र चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुमित्रा विजय पटेल, श्रीमती पूर्णिमा मनिराम साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी, श्रीमती विजयलक्ष्मी तिवारी, श्रीमती सतविंदर पाहुजा, श्रीमती अनिता धुर्वे, जनपद सदस्य श्रीमती बिमला साहू, श्रीमती नीतू शर्मा, श्रीमती गौरी साहू, श्रीमती नीतू मिश्रा, श्रीमती अंजू शर्मा, श्रीमती ममता साहू, श्रीमती सीमा केशरवानी, श्रीमती द्रोपती मानिमपुरी, श्रीमती सुषमा चंद्रवंशी, श्रीमती सुषमा उपाध्याय, श्रीमती मधु तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी, परियोजना अधिकारी रीना ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि, नारी शक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती रश्मि विजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं, जिनसे महिलाओं का सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण हुआ है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं और अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह अधिनियम लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करता है, जिससे उन्हें निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी का अवसर मिलेगा। यह केवल एक विधेयक नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मसम्मान, अधिकार और आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार साझा किए। पूर्व विधायक धमतरी श्रीमती रंजना साहू ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

# महिला मोर्चा मंडल बोड़ला ने मनाई अम्बेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

भाजपा महिला मोर्चा मंडल बोड़ला द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहब के जीवन एवं उनके योगदानों को याद किया गया।

मुख्य वक्ता श्रीमती विद्या श्रीवास ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार थे तथा उन्हें 29 अगस्त 1947 को संविधान की प्रारूप समिति का अध्यक्ष बनाया गया था। उन्होंने अनेक देशों के संविधानों का अध्ययन कर भारत को विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान दिया, जिसमें मौलिक अधिकार, समानता, सामाजिक न्याय एवं महिला सशक्तिकरण को विशेष महत्व दिया गया। सुश्री मीनाक्षी जोशी (विधि प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक) ने संविधान में डॉ. अंबेडकर के योगदानों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सभी नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और धार्मिक अधिकार प्रदान किए गए हैं तथा अनुच्छेद 17 के माध्यम से छुआछूत का उन्मूलन किया गया।



वहीं महिला मोर्चा महामंत्री श्रीमती कौशिल्या यादव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने हिंदू कोड बिल के माध्यम से महिलाओं को संपत्ति, विवाह और तलाक में समान अधिकार दिलाने का प्रयास किया और एक समतामूलक समाज की नींव रखी।

कार्यक्रम में रजनी कश्यप, उषा मानिकपुरी, अनूप यादव, कुंती यादव, चंद्रिका मानिकपुरी सहित अनेक महिला कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी भागीदारी रही।

## कुकदूर केंद्र में राजगोंड समाज के नए पदाधिकारियों का शांतिपूर्ण मनोनयन

**कुकदुर।** श्री बुढ़ादेव राजगोंड समाज प्रधान कार्यालय भोरमदेव के अधीन कुकदूर केंद्र में समस्त सगाजनों की विशाल उपस्थिति में नए पदाधिकारियों का मनोनयन शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे आयोजन में एकता और उत्साह का विशेष माहौल बना रहा। इस अवसर पर सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए रिद्धराम श्याम का चयन किया गया, वहीं सचिव पद की जिम्मेदारी भागसिंह मरावी को सौंपी गई। इसके साथ ही अन्य पदों पर भी योग्य एवं सक्रिय सदस्यों का मनोनयन किया गया, जिससे समाज के संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि राजगोंड समाज अपनी परंपराओं, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों के संरक्षण के साथ-साथ शिक्षा, संगठन और विकास की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से अपेक्षा जताई गई कि वे समाज के हित में कार्य करते हुए आपसी समन्वय और सहयोग की भावना को और सुदृढ़ करेंगे। अंत में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई और यह विश्वास व्यक्त किया गया कि उनके नेतृत्व में राजगोंड समाज नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।



**जनता की सेवा के साथ शहर विकास नगर पालिका की पहली प्राथमिकता**

# नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रवंशी ने ली अधिकारी-कर्मचारियों की क्लास




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर पालिका कवर्धा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने आज अधिकारी-कर्मचारियों की विभागवार समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। नपाध्यक्ष ने कहा कि कवर्धा की जनता की सेवा के साथ शहर का समुचित विकास हमारी पहली प्राथमिकता है शहर की समस्याओं को लेकर आने वाले नागरिकों का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि उन्हें छोटे-छोटे कार्यों के लिए भटकना न पड़े। उन्होंने हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों से फील्ड में सक्रिय रूप से कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हो रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नपाध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इसलिए सभी कार्यों को धरातल पर गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।

**लापरवाही पर होगी कार्रवाई : चंद्रप्रकाश**

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बैठक में कड़े तेवर दिखाये। कार्य में किसी तरह की लापरवाही ना करें। लापरवाही बरतने वाले के खिलाफ कार्यवाही भी प्रस्तावित की जावेगी। जनसामान्य से शिकायत प्राप्त ना हो इसका विशेष ध्यान रखे, लापरवाही बर्दास्त नही की जावेगी। उन्होनें कहा कि कवर्धावासियों को शुद्ध पेयजल, शहर की समुचित साफ-सफाई, प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन सहित अन्य मूलभूत सुविधा प्रदान करना ही हमारी पहली प्राथमिकता है उन्होनें कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिले इसका भी ध्यान रखे। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी जनता के सेवक है सभी अपने दायित्वों को अच्छे ढंग से निर्वहन करे। ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानियो का सामना करना ना पडे। बैठक में सभापति, पार्षदगण सहित नगर पालिका के समस्त अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# गुरुकुल में संगीत उत्सव की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

गुरुकुल पब्लिक स्कूल में भारतीय संस्कृति और विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संगीत उत्सव समारोह के अंतर्गत अंतर्विद्यालयीन गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि संदीप अग्रवाल के द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्राचार्य ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि संगीत आत्मा की भाषा है, जो मन को आनंदित करने के साथ व्यक्तित्व विकास में भी सहायक है। प्रतियोगिता में गुरुकुल पब्लिक स्कूल, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय महाराजपुर, अभ्युदय स्कूल, अशोका पब्लिक स्कूल एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने राजस्थानी एवं सूफी भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। निर्णायक मंडल एवं अतिथियों ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना की। परिणामों में कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान दिल्ली पब्लिक स्कूल, द्वितीय अभ्युदय स्कूल एवं तृतीय पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय को प्राप्त हुआ। वहीं वरिष्ठ वर्ग में प्रथम अभ्युदय स्कूल, द्वितीय पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय एवं तृतीय गुरुकुल पब्लिक स्कूल रहा। इस अवसर पर विद्यालय के नवनिर्मित सर्वसुविधायुक्त सभागार का लोकार्पण भी किया गया। प्रबंधन समिति के वरिष्ठ निदेशक महावीर जैन ने कहा कि गुरुकुल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और यह सभागार उनकी प्रतिभा को नया मंच प्रदान करेगा। अंत में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने विजेताओं को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

